* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
27 जुलाई, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 277

प्रधानमंत्री मोदी बने दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता



## रांची में युवती पर एसिड अटैक की शिकायत, मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

### तत्काल कार्रवाई हो : हेमंत सोरेन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांके थाना क्षेत्र में एक युवती पर कथित एसिड अटैक की घटना सामने आने के बाद राज्य में सनसनी फैल गयी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची पुलिस और जिला प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि रांची पुलिस मामले की जांच कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर सूचित करें। साथ ही बेटी को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करवाते हुए भी सूचित करें। उन्होंने रांची उपायुक्त और मंत्री इरफान को भी निर्देश दिये।

**एसिड अटैक की पुष्टि नहीं :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रतिक्रिया देते हुए इरफान अंसारी ने जानकारी दी है कि पीड़िता को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है और वह अब सुरक्षित है। पुलिस ने कहा कि डॉक्टरों से बातचीत के अनुसार प्रारंभिक जांच में एसिड अटैक की पुष्टि नहीं हुई है। जिला प्रशासन से बातचीत हुई है। मैंने प्रशासन को निर्देश दिया है कि मामले की पूरी छानबीन कर दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाये।

**प्रशासन एक्टिव**

फिलहाल पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है। सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन से भी लगातार संपर्क में रहते हुए पीड़िता को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

## 2.5 करोड़ आइआरसीटीसी यूजर आइडी डीएक्टिवेट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 2.5 करोड़ से ज्यादा आइआरसीटीसी यूजर आइडी को डीएक्टिवेट यानी बंद कर दिया है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग सिस्टम में गड़बड़ियों को रोकने के लिए रेलवे ने यह कदम उठाया है। यह कार्रवाई एडवांस्ड डेटा एनालिटिक्स के जरिये संदिग्ध बुकिंग पैटर्न और यूजर बिहेवियर की पहचान के बाद की गयी है। संसद में सांसद एडी सिंह के उठाये गये सवाल के जवाब में सरकार ने इसकी पुष्टि की है।

## घाघरा में पुलिस और उग्रवादियों में मुठभेड़

# जेजेएमपी के तीन उग्रवादी ढेर

- दो उग्रवादी भागने में कामयाब, सर्च अभियान जारी
- भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के लावादाग गांव में शनिवार को पुलिस और जेजेएमपी के उग्रवादियों की बीच मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस ने तीन उग्रवादियों को मार गिराया। इनमें एक की पहचान बेलागड़ा ग्राम निवासी दिलीप लोहरा के रूप में हुई है, जबकि दो की पहचान की जा रही है। घटनास्थल पर पुलिस द्वारा सर्च अभियान जारी है। इस मौके पर एसपी हरीश बिनजमा, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, इंस्पेक्टर विनय कुमार, थाना प्रभारी पुनीत मिंज, बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सहित झारखंड जगुआर और झारखंड पुलिस के जवान मौजूद हैं।

**एके-47 समेत अन्य हथियार मिले:** एसपी हरीश बिनजमा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने को लेकर लावादाग गांव में हैं। इसके बाद पुलिस टीम बनाकर छापेमारी की गयी। सुबह करीब 10 बजे पुलिस को आता देख उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीन उग्रवादी मारे गये, जबकि अन्य दो उग्रवादी भागने में सफल रहे। मारे गये उग्रवादी के पास से एक एके 47, दो इंसाफ राइफल, एक देसी बंदूक, पिट्ठू बैग बरामद किये गये हैं। सर्च अभियान जारी है।

### कुडू में पीएलएफआइ के दो उग्रवादी लेवी के साथ गिरफ्तार

कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) से जुड़े दो सक्रिय उग्रवादियों को कुडू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन उग्रवादियों के पास से 15 हजार नकद, दो मोबाइल फोन और एक टीवीएस अपाचे बाइक जब्त की है। दोनों उग्रवादी ककरगढ़ एड़ा दोन में एक निमार्णाधीन सड़क परियोजना से लेवी वसूली करने पहुंचे थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेदांत शंकर ने प्रेस कांफ्रेस में बताया कि पुलिस अधीक्षक सादिक अहमद रिजवी को सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ उग्रवादी एक ठेकेदार से 5 लाख की लेवी वसूलने आने वाले हैं। टीम ने मनीष कुमार से लेवी की वसूली करते वक्त दोनों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान रांची जिले के मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली गांव निवासी रूपेश मुंडा और चान्हो थाना क्षेत्र के चामा रमदगा निवासी भरत कुमार साहु के रूप में हुई है। रूपेश मुंडा के खिलाफ पहले से ही हत्या, आगजनी, जबरन वसूली और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

### बीजापुर में जवानों ने चार नक्सलियों को मार गिराया

बीजापुर । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार शाम को मुठभेड़ में जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव और राइफल समेत बड़ी संख्या में हथियार, विस्फोटक बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों का आंकड़ा बढ़ सकता है। मामला बासागुड़ा थाना इलाके का है। मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिण-पश्चिमी जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शाम से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

### निशिकांत और विद्युत समेत 17 सांसदों को मिलेगा संसद रत्न



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विभिन्न पार्टियों के 17 सांसदों को संसद रत्न से सम्मानित किया जायेगा। इस लिस्ट में झारखंड के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और विद्युत वरण महतो के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से सुप्रीम सुले, भाजपा के रवि किशन, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अरविंद सांवत समेत 17 सांसद शामिल हैं। सदस्यों को लोकसभा में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 'संसद रत्न सम्मान-2025' से सम्मानित किया जायेगा। विशेष पुरस्कार भर्तृहरि महताब (भाजपा, ओड़िशा), एन के प्रेमचंद्रन (रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, केरल), सुप्रिया सुले (राकांपा-एसपी, महाराष्ट्र) और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना, महाराष्ट्र) को प्रदान किये जायेंगे। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बनाये रखा है। अन्य सम्मानित किये जाने वाले सांसदों में स्मिता उदय वाघ (भाजपा), नरेश म्हस्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), विद्युत बरण महतो (भाजपा) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं। समिति श्रेणी में भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति और डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) की अध्यक्षता वाली कृषि संबंधी स्थायी समिति को उनकी रिपोर्ट की गुणवत्ता और विधायी निगरानी में योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery
KG - I
Nursery
KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

फसल की पैदावार बढ़ाये जैविक खेती के साथ...



Powerful Organic Fertilizer
रासायनिक → जैविक
PLANT PHOTO

शक्तिशाली जैविक उर्वरक (Powerful Organic Fertilizer)
मुख्य अंतर

| फीचर | रासायनिक | जैविक |
| --- | --- | --- |
| स्त्रोत | रासायनिक | जैविक |
| पोषक तत्व | एन और पी | एन, पी और अन्य |
| उपलब्धता | तेजी से | लोकल उपलब्ध |
| प्रभाव | मिट्टी के स्वास्थय को नुकसान पहुंचा सकता है | मिट्टी के स्वास्थय को सुधार करता है |
| पर्यावरण | प्रदूषणकारी | पार्यवरण- अनुकूल |

निष्कर्ष :-
रासायनिक Fertilizer, की तुलना में जैविक Fertilizer मिट्टी के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बेहतर है। मिट्टी की गुनवात्ता को सालों साल बढ़ाता है और कम से कम पानी मे ज्यादा फसल पैदावार किया जा सकता है।

SGS
Sgs Lab Tested & Certified
16 types of Micronutrients
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें
ENERGY COR INDIA & POWER LTD. | MUMBAI
Bihar 70797 56590 | Jharkhand 94713 97295 | Uttar Pradesh 62060 03272

CHANAKYA IAS ACADEMY
CHANAKYA IAS ACADEMY Nurturing Leaders of Tomorrow SINCE-1993
32 Years of Excellence, More than 5200+ Selections so far...
Congratulations to our
11th-13th JPSC Candidates
in TOP 50 Total 132+ Selections
ASHISH AKSHAT RANK- 1
RAVI RANJAN RANK-3
GAURAV GAUTAM RANK- 4
SWETA RANK-5
ROBIN RANK- 7
SANDEEP PRAKASH RANK- 8
SWATI KESHRI RANK- 9
NIHARIKA RANI RANK- 14
SWEETY SUMAN RANK- 16
ANKIT RAJ RANK- 19
AMAN KUMAR RANK- 22
AMARDEEP RAJ RANK- 26
SURYAPRAKASH RANK- 33
NISHANT KUMAR RANK- 34
ANKIT RAJ RANK- 39
SONAM KUMARI RANK- 44
UJJAWAL KUMAR RANK- 46
LINUS RATAN RANK- 50
ARCHANA SINGH RANK- 52
Immensely proud of all you've achieved.
Prepare for UPSC/JPSC/BPSC After Class 12th
Specially designed 3 years Foundation Course for 12th Passout.
UPSC Foundation Online Course: 9,999/-
JPSC Foundation Online Course: 4,999/-
BRANCHES IN JHARKHAND
Ranchi: 8935967655 Sunrise Forum, Burdhwan Compound, Lalpur
Hazaribagh: 9155596775 Kaushaliya Plaza, Near Old Bus Stand
Dhanbad: 9155596779 Beside IDBI Bank, Subala Enclave, Saraidhella
Koderma: 9942001845 1st Floor. Near Subhas Showk, Jhumri Telaiya
Scan QR
www.chanakyaiasacademy.com






# सरायकेला : चेक डैम में नहा रहे चार युवकों की डूबने से हुई मौत

## डैम के स्लैब से पानी में लगायी छलांग, सिर में चोट के निशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला के खरसावां थाना क्षेत्र अंतर्गत दलाइकेला गांव में चेक डैम में नहाने के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ है। इसमें चार युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गयी है। इस घटना को लेकर पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतकों में 18 वर्षीय सुनील साहू, 20 वर्षीय गौरव मंडल, 20 वर्षीय मनोज साहू एवं 22 वर्षीय हरिबासो दास शामिल है। परिजनों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 9 बजे के आसपास छह युवक नहाने के लिए गांव के चेक डैम पर गये हुए थे। सभी युवकों ने चेक डैम में कंक्रीट से बने स्लैब पर खड़े होकर एक साथ पानी में छलांग लगायी। थोड़ी देरी के बाद दो युवक खुद से तैरकर पानी से बाहर आ गये, लेकिन अन्य चार युवक पानी के अंदर में रहे। इसके बाद बाकी युवकों ने स्थानीय लोगों की मदद से उन चारों लड़कों को पानी से बाहर निकल गया। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।



**चारों के शव पर चोट के निशान:** प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा यह बताया जा रहा है कि पानी में छलांग लगाने वाले चारों युवकों के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। इससे आशंका जाहिर की जा रही है कि पानी में कहीं पत्थर या कंक्रीट का स्लैब अवश्य होगा, जिससे टकराने के बाद सभी युवक बेहोश हो गये और बाद में उन सभी की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव के लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी खरसावां पुलिस को दी। इसके बाद सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया।

### नहाने के क्रम में हुई मौत, जांच की जा रही

सरायकेला के सर्किल इंस्पेक्टर नितिन कुमार ने कहा कि चेक डैम में नहाने के क्रम में चारों यवकों की पानी में डूबने से मौत हो गयी है। चारों की पहचान हो गयी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये जायेंगे। साथ ही मामले की हर पहलु से जांच की जा रही है।

## बिहार में कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल

# बोधगया में एंबुलेंस के भीतर युवती से गैंगरेप

### होमगार्ड बहाली के फिजिकल टेस्ट में हुई थी बेहोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोधगया।** बिहार के बोधगया में एक 26 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि चलती एंबुलेंस में उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। यह घटना कथित तौर पर 24 जुलाई को हुई, जब होमगार्ड भर्ती की शारीरिक परीक्षा के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, महिला ने दावा किया कि गाड़ी में बेहोशी की हालत में कई लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बोधगया पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने दो संदिग्धों एंबुलेंस चालक विनय कुमार और गाड़ी में सवार तकनीशियन अजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों फिलहाल हिरासत में हैं और पूछताछ चल रही है। गया पुलिस ने इस कार्रवाई को त्वरित और तत्काल बताया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज से एंबुलेंस के रास्ते और समय की पुष्टि करने में मदद मिली है, जिससे चल रही जांच में अहम सबूत मिले हैं। फोरेंसिक टीम जल्द ही अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट पेश करेगी।




पुलिस शिकायत के अनुसार महिला ने बताया कि शारीरिक परीक्षण के दौरान वह बेहोश हो गयी थी और अस्पताल ले जाते समय उसे आंशिक रूप से होश आया। बाद में उसने पुलिस और अस्पताल के कर्मचारियों को बताया कि एंबुलेंस में तीन-चार लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया। इस घटना के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ गयी हैं।

## यूपी में योगी सरकार की 'गो सेवा से समृद्धि' पहल

# पंचगव्य से निखरेगा रूप, बायोगैस से दौड़ेंगी गाड़ियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में 'गो सेवा से समृद्धि' अब अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और ग्रामीण जीवनशैली को एक नयी दिशा देने जा रही है। पहली बार पंचगव्य से सौंदर्य उत्पाद, जैविक कीटनाशक और बायोगैस जैसे नवाचारों का समावेश करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश भर में अनेक परियोजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं, जो पारंपरिक आस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के नये अवसर प्रदान करेंगी। पंचगव्य से स्किन केयर बनाने, बायोगैस से वाहन चलाने और जैविक उत्पादों से हरित खेती की परिकल्पना को अब सीएम योगी के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। प्राथमिक स्तर पर अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, चित्रकूट, कानपुर, आगरा, बरेली, झांसी से इसकी शुरुआत होने जा रही है। प्रदेश भर में विभिन्न नवाचारों पर आधारित परियोजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं। ये परियोजनाएं गोवंश संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण नवाचार को नयी पहचान दिलायेंगी।

**हर गोशाला से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम :** प्रदेश की 75 चयनित गोशालाओं में प्रति वर्ष 25 लाख रुपये की स्व-अर्जन क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह नवाचार किसानों और पशुपालकों के लिए एक स्थायी आर्थिक मॉडल प्रस्तुत करेगा। इससे गोशालाएं सिर्फ संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि उत्पादन और शोध केंद्र के रूप में कार्य करेंगी।



**गो सेवा से ग्रामीणों को मिलेगा नया जीवन :** गोवंश आधारित योजनाएं सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव भी बन रही हैं। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गो आधारित उत्पादों से किसानों और ग्रामीणों को कम लागत में अधिक लाभ मिलेगा। पंचगव्य, बायोगैस, जैविक कीटनाशक और बायो फेंसिंग से गांवों में नयी आर्थिक ऊर्जा का संचार होगा।

### सीएम योगी का ग्राम-ऊर्जा मॉडल लायेगा बदलाव

मुख्यमंत्री के ग्राम-ऊर्जा मॉडल से गांवों की सूरत बदलने जा रही है। गांवों में बायोगैस संयंत्र, पंचगव्य आधारित उत्पादों और जैविक खाद-कीटनाशकों के संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ ऊर्जा, कृषि सुधार और रोजगार का नया रास्ता खोला जायेगा। बायोगैस के जरिये वाहन चलाये जा सकेंगे। इसकी पूरी कार्ययोजना बनायी जा रही है। इससे एलपीजी की खपत में कमी आयेगी और पर्यावरण की भी सुरक्षा होगी।

### गो सेवा के जरिये भविष्य की अर्थव्यवस्था का खाका तैयार

सीएम योगी ने स्पष्ट किया है कि गो सेवा को अब परंपरा से हटकर आर्थिक विकास, नवाचार और पर्यावरणीय संतुलन से भी जोड़ा जायेगा। इससे उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की राह पर और मजबूती से आगे बढ़ेगा। गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आयेगा।

## अंपायर पक्षपाती था, इसलिए हारी कांग्रेस: राहुल गांधी



**आणंद।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया है कि विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों का चयन करने से पहले कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व उनके विचारों पर विचार करेगा। उन्होंने शनिवार को एक बार फिर भारतीय चुनाव आयोग पर निशाना साधा और गुजरात विधानसभा चुनावों में पार्टी की लगातार हार के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया। पार्टी के संगठन सृजन अभियान शिविर के दौरान आणंद में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल ने चुनाव आयोग को पक्षपाती करार दिया और जोर देकर कहा कि गुजरात में भाजपा को उसके मुख्य आधार पर हराना जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व राज्य में अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा है। शिविर के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल के भाषण की सराहना की, साथ ही चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा की कड़ी आलोचना की।

# दुख है ऐसी सरकार के समर्थन पर: चिराग पासवान

## बिहार में अपराध पर नीतीश सरकार को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपराध पर अंकुश लगाने में असमर्थ सरकार का समर्थन करने में दुख हो रहा है। एनडीए सरकार में केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि बिहार में प्रशासन हत्या, अपहरण, डकैती और बलात्कार की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह से असमर्थ है। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में जिस तरह से अपराध हो रहे हैं, प्रशासन अपराधियों के सामने पूरी तरह से नतमस्तक हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह सही है कि इस घटना की निंदा आवश्यक है, लेकिन ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? अपराधों का एक सिलसिला सा चल पड़ा है। अगर यह ऐसे ही चलता रहा, तो स्थिति भयावह होगी, बल्कि स्थिति भयावह हो गयी है। पासवान ने राज्य सरकार पर या तो स्थिति को छिपाने का प्रयास करने या स्थिति को संभालने में असमर्थ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर यह कहा जा रहा है कि यह चुनाव के कारण हो रहा है, तो मैं यह भी कह सकता हूं कि ऐसा हो सकता है, यह सरकार को बदनाम करने की साजिश हो सकती है, लेकिन फिर भी इसे नियंत्रित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। आपके प्रशासन में अपराधी कैसे बच निकल रहे हैं... या प्रशासन स्थिति को छिपाने की कोशिश कर रहा है, या प्रशासन स्थिति को संभालने में पूरी तरह से असमर्थ है। उन्होंने कहा, मुझे दुख है कि मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं, जहां अपराध अनियंत्रित हो गया है। लोजपा (आर) नेता की यह टिप्पणी गया में होमगार्ड भर्ती अभियान में भाग ले रही 26 वर्षीय एक महिला के साथ एंबुलेंस के अंदर कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद आयी है। यह घटना 24 जुलाई को हुई थी, जब शारीरिक परीक्षण के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। यह पहली बार नहीं है, जब एनडीए सहयोगी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हमला किया है।



# नीतीश सरकार के बचाव में उतरे जीतन राम, चिराग को दी सलाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के नेता जीतन राम मांझी ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से एनडीए के साथ जुड़े रहने और इसे मजबूत करने में योगदान देने का आग्रह किया है। चिराग ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की आलोचना की थी। पटना में मीडिया से बात करते हुए मांझी ने कहा कि हम एनडीए में हैं। हमें एनडीए की मदद करनी है। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। उन्हें एनडीए को मजबूत करना चाहिए। मांझी ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में पासवान के राजनीतिक रुख का जिक्र किया और अतीत की तरह टकराव न दोहराने का आग्रह किया। मांझी ने कहा कि अगर वह 2020 की नीति नहीं अपनाते हैं, तो यह बहुत अच्छी बात होगी। वहीं, चिराग के एक बयान पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि मैं बिहार में एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं, जो अपराध और अपराधियों से कोई समझौता नहीं करती। जो हर आपराधिक घटना का ना केवल खुलासा करती है, बल्कि वारदातों में शामिल अपराधियों को सलाखों के भीतर भेजती है। हमें गर्व है कि बिहार में एनडीए के नेतृत्व में सुशासन की सरकार है।




राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए के वर्तमान महत्व पर प्रकाश डालते हुए मांझी ने जोर देकर कहा, आज एनडीए समाज और देश के लिए जरूरी हो गया है। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार हर तरह का विकास कर रहे हैं। अगर कोई एनडीए का विरोध करता है, तो मुझे लगता है कि उसके मन में राज्य और देश की जनता के प्रति अच्छी भावना नहीं है और अगर इसे मजबूत करने के लिए काम किया जा रहा है, तो हम इसकी सराहना करेंगे। मांझी ने कहा कि चिराग जी का राजनीतिक करियर बहुत छोटा है। उनके पिता का लंबा राजनीतिक करियर रहा है और उन्होंने 40-45 सालों तक देखा है कि बिहार में क्या हो रहा था। चिराग पासवान इस बारे में अनभिज्ञ हैं, इसलिए वह ऐसा बोल रहे हैं, क्योंकि उन्होंने इसे देखा ही नहीं है।

# यूपी बीजेपी के नये अध्यक्ष के लिए छह नाम रेस में

### भूपेंद्र चौधरी के विकल्प की तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** बीजेपी की उत्तर प्रदेश इकाई ने छह नामों की एक सूची राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजी है, जो राज्य इकाई के अगले प्रमुख का चयन करने के लिए तैयार है। इनमें दो ब्राह्मण, दो पिछड़े समुदाय से और दो दलित समुदाय से हैं। ये सभी पुरुष हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में 2027 की शुरुआत में चुनाव होने वाले हैं और राज्य इकाई प्रमुख का चुनाव भाजपा के सामने प्रमुख निर्णयों में से एक माना जाता है, जो राज्य में अपने लोकसभा झटके को उलटने और लखनऊ में लगातार तीसरा कार्यकाल सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। बीजेपी ने 37 संगठनात्मक इकाइयों में से 25 से ज्यादा में राज्य प्रमुखों का चयन कर लिया है, अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की भी तैयारी कर रही है। भाजपा नेता ने बताया कि नये राज्य प्रमुख पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता भूपेंद्र सिंह चौधरी की जगह लेंगे। सुझाये गये नामों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और बस्ती के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी (दोनों ब्राह्मण), उत्तर प्रदेश के मौजूदा मंत्री धर्मपाल सिंह और मौजूदा केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा (दोनों ओबीसी) और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया और मौजूदा एमएलसी विद्या सागर सोनकर (दोनों दलित) शामिल हैं।




**15 अगस्त के बाद होगा नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव :** बीजेपी स्वतंत्रता दिवस के बाद पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मत उम्मीदवार की घोषणा करने वाली है। नये अध्यक्ष के चयन में देरी से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भी अटकलों का दौर जारी है। भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कथित तौर पर संगठनात्मक अनुभव और पार्टी के भीतर तटस्थ रुख रखने वाले उम्मीदवार पर आम सहमति बनाने की सलाह दी है। सूत्रों ने यह भी बताया कि भाजपा ने चार संभावित उम्मीदवारों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिनमें से सभी के पास संगठनात्मक अनुभव है। इनमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान और वरिष्ठ भाजपा नेता बीडी शर्मा इस पद के लिए सबसे आगे बताये जा रहे हैं, क्योंकि वे इस पद के लिए आवश्यक योग्यताएं पूरी करते हैं। पार्टी पहले अपनी केंद्रीय परिषद की बैठक बुलाकर विचाराधीन नामों में से किसी एक पर आम सहमति बनाने की तैयारी कर रही है। एक वरिष्ठ सूत्र ने कहा कि अब यह लगभग तय लग रहा है कि पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा 15 अगस्त के बाद की जायेगी।

# राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

## राबड़ी उपाध्यक्ष, जगदानंद पर फिर भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नयी टीम तैयार की गयी है, जो बिहार चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूत करने और सामाजिक समीकरणों को साधने का काम करेगी। राजद ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नयी लिस्ट जारी कर दी है। राजद चीफ लालू यादव के नेतृत्व में घोषित इस नयी टीम में जातीय समीकरण को भी साधा गया है। राजद की नयी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में चार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व सांसद महबूब अली कैसर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी शामिल हैं। इसके अलावा अब्दुल बारी सिद्दीकी को राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं सुनील कुमार सिंह को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जयप्रकाश नारायण यादव एवं भोला यादव सहित 12 राष्ट्रीय महासचिव के साथ ही 10 राष्ट्रीय सचिव बनाये गये हैं। इसकी जानकारी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने दी।



### राजद की नयी टीम

अध्यक्ष- लालू प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष- राबड़ी देवी, जगदानंद सिंह, महबूब अली कैसर, उदय नारायण चौधरी, प्रधान महासचिव- अब्दुल बारी सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष- सुनील कुमार सिंह, महासचिव-जय प्रकाश नारायण यादव, डॉ नील लोहित दास (पूर्व एमएलए), भोला यादव, ललित कुमार यादव (विधायक), कुमार सर्वजीत (विधायक), सैयद फैसल अली (विधान परिषद सदस्य), अभय सिंह (झारखंड), सुखदेव पासवान, सुशीला मोराले, अनु चाको (केरल), अलख निरंजन उर्फ बिनु यादव, रेनू कुशवाहा, सचिव-यदुवंश कुमार यादव, डॉ लाल रत्नाकर, भरत भूषण मंडल (विधायक), कार्तिकेय कुमार सिंह (विधान परिषद सदस्य), विजय वर्मा (मधेपुरा), संतोष कुमार जयसवाल (दिल्ली), संजय ठाकुर (मुजफ्फरपुर), राजेंद्र राम (पूर्व विधायक), स्वीटी सीमा हेंब्रम (पूर्व विधायक), सुरेंद्र राम (विधायक)।

www.epaper.azadsipahi.in

27 जुलाई, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 277

मालदीव से मजबूत रिश्तों के लिए उत्सुक है भारत : मोदी



# प्रधानमंत्री मोदी बने दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता

**अमरिका के राष्ट्रपति रैंकिंग में काफी पीछे**

**मॉर्निंग कंसल्ट के एक सर्वे में आया सामने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की बिजनेस इंटेलिजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट के एक सर्वे के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के नेताओं में 75% अप्रूवल रेटिंग के साथ सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता हैं। यह डेटा 4 से 10 जुलाई 2025 के बीच सर्वे करके इकट्ठा किया गया। साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग 59% के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 45% से कम अप्रूवल के साथ आठवें स्थान पर हैं।

मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे का डेटा क्या कहता है?

रिपोर्ट के मुताबिक मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे में भाग लेने वाले 75% लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को एक लोकतांत्रिक विश्व नेता के रूप में पसंद किया। 7% लोग कोई राय नहीं बना पाये, जबकि 18% लोगों ने उन्हें नापसंद किया। इस लिस्ट में दूसरे सबसे लोकप्रिय नेता साउथ कोरिया के



राष्ट्रपति ली जे म्युंग हैं। उन्हें 59% लोगों ने पसंद किया। 13% लोगों को उनके बारे में कोई जानकारी नहीं थी, जबकि 29% लोगों ने उन्हें नापसंद किया। म्युंग के लिए दूसरा स्थान हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अभी एक महीना पहले ही साउथ कोरिया के राष्ट्रपति का पद संभाला है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आठवें स्थान पर

कनाडा के नये प्रधानमंत्री मार्क कार्नी चौथे स्थान पर हैं। उन्हें 56% वोट मिले। 31% लोगों ने उनके खिलाफ वोट किया, जबकि 13% लोगों ने कोई राय नहीं दी। ऑस्ट्रेलिया के एंथोनी अल्बानीस पांचवें स्थान पर हैं। उन्हें 54% वोट मिले। 35% वोटर उनसे सहमत नहीं थे, जबकि 11% लोगों ने कोई राय नहीं दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आठवें स्थान पर हैं। उन्हें केवल 44% वोट मिले। हैरानी की बात यह है कि ट्रंप ने पिछले नवंबर में अमेरिका का चुनाव भारी बहुमत से जीता था। उनके व्यापार शुल्क और कुछ अंदरूनी फैसलों से उनकी लोकप्रियता कम हुई है। पोलैंड के डोनाल्ड टस्क नौवें स्थान पर हैं। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी दसवें स्थान पर है।

# विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक होंगे नवीन जायसवाल

■ **विधायक राज सिन्हा और नागेंद्र महतो सचेतक बनाये गये**

■ **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की घोषणा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने शनिवार को झारखंड विधानसभा में अपने दल के मुख्य सचेतक और सचेतक की घोषणा कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसकी घोषणा की। हटिया से विधायक नवीन जायसवाल विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक होंगे। वहीं, धनबाद के पार्टी विधायक राज सिन्हा और बगोदर विधायक नागेंद्र महतो सचेतक होंगे। बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, सांसद प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद, अमर कुमार बाउरी सहित पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त मुख्य सचेतक और सचेतक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

पार्टी द्वारा लिये गये इस निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि एक कार्यकर्ता से लेकर लगातार विधायक बनकर लंबा राजनीतिक अनुभव रखने वाले नवीन जायसवाल विधानसभा में पार्टी की ओर से मजबूती के साथ पक्ष रखेंगे। इसी तरह पार्टी ने राज सिन्हा जो धनबाद से लगातार जीतते आये हैं उन्हें सचेतक बनाने का निर्णय लिया है। नागेंद्र महतो सचेतक के रूप में पार्टी का पक्ष विधानसभा में रखेंगे।



### प्रदेश कार्यालय पहुंचे नवीन जायसवाल मिठाई खिलाकर दी गयी बधाई

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हटिया विधायक नवीन जायसवाल को पार्टी का मुख्य सचेतक बनाये जाने पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पार्टी कार्यालय पहुंचे नवीन जायसवाल का जमकर स्वागत किया गया। प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कुछ बड़े नेताओं ने मिठाई खिलाकर नवीन जायसवाल को बधाई दी। इस मौके पर नवीन जायसवाल ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरा करने का काम करूंगा और सदन में पार्टी की बातों को प्रमुखता से रखने का काम करूंगा।





**समस्याओं को प्रमुखता से रखा जायेगा: नवीन जायसवाल :** उन्होंने कहा कि कई ज्वलंत समस्याएं हैं, चाहे युवाओं की बात हो या रोजगार की या फिर झारखंड की अस्मिता की बात हो सदन के अंदर प्रमुखता से रखी जायेगी। नवीन जायसवाल ने राज्य सरकार के द्वारा अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदले जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह ओछी राजनीति है। उन्होंने कहा कि हमें समझ में नहीं आता कि जिस अटल जी के प्रयास से यह राज्य बना उन्हीं के नाम पर राजनीति हो रही है। यदि वह नहीं रहते तो शायद झारखंड नहीं बनता, ऐसी स्थिति में उनके नाम से परहेज राजनेताओं के मनोविचार को दर्शाता है।

**मदर टेरेसा के नाम से कोई दूसरी योजना लायी जा सकती थी: नवीन जायसवाल :** मदर टेरेसा के नाम से यदि कोई योजना सरकार लाना चाहती थी तो लायी जा सकती थी। नाम परिवर्तित कर जिस तरह से राजनीति की जा रही है, उससे अटल जी का नाम छोटा नहीं होगा बल्कि वह अपना नाम छोटा कर रहे हैं जो इस पर राजनीति कर रहे हैं।

# मदर टेरेसा क्लिनिक के नाम पर राज्य सरकार कर रही है धर्मांतरण बढ़ाने की तैयारी : अमर बाउरी

**राज्य सरकार मदर टेरेसा क्लिनिक को स्वंयसेवी संस्थाओं के माध्यम से चलाने का निर्णय करेगी, जिसमें धर्मांतरण कराने वाली संस्थाएं शामिल होंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने राज्य सरकार पर, मदर टेरेसा क्लिनिक के नाम पर धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बाउरी शनिवार को हरमू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य के झुग्गी-झोपड़ी और बस्तियों में राज्य सरकार की ओर से चलने वाले अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लिनिक करना एक बड़ी साजिश है। मदर टेरेसा का भाजपा सदा सम्मान करती है। उनकी सेवा भावना और गरीबों, कुष्ठ रोगियों के लिए की गयी सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारत सरकार ने मदर टेरेसा को कई बड़े अलंकरणों से सम्मानित भी किया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि कई संस्थाएं सेवा के नाम पर लाखों गरीबों को स्वास्थ्य सुविधा,



भोजन और वस्त्र उपलब्ध कराकर उनकी पहचान, उनके धर्म और संस्कार को बदलने का कार्य भी कर रही हैं।

बाउरी ने कहा कि धर्मांतरण की समस्या राज्य की एक बड़ी समस्या है, जिसे मदर टेरेसा क्लिनिक के सहारे और तेज करने की साजिश राज्य सरकार की ओर से रची जा रही है।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अलग झारखंड राज्य का सपना भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर 2000 को साकार किया। जबकि आज के राज्य के सत्ताधारी दल झामुमो-कांग्रेस और राजद आंदोलन को बेचने व खरीदने में लगे थे। दिखावा के लिए ऑटोनोमस कॉउंसिल पर ही सहमत हो गये थे, इनकी नीयत साफ रहती, तो वर्ष 2000 से पहले ही अलग राज्य का गठन करा सकते थे। अलग झारखंड राज्य का नक्शा भी भाजपा के वनांचल राज्य का नक्शा है, जो अटल जी की देन है।

बाउरी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड के कण-कण में बसे हैं और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अटल मोहल्ला क्लिनिक की स्थापना की थी, जिसे राज्य सरकार ने बदल कर मदर टेरेसा क्लिनिक करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि मदर टेरेसा का झारखंड में क्या योगदान है? उन्होंने कहा कि यह नाम परिवर्तन स्वास्थ्य सेवा को ठीक करने के लिए नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की आड़ में धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए सरकारी संरक्षण है।

उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की आशंका है कि आनेवाले दिनों में राज्य सरकार मदर टेरेसा क्लिनिक को स्वंयसेवी संस्थाओं के माध्यम से चलाने का निर्णय करेगी, जिसमें धर्मांतरण कराने वाली संस्थाएं शामिल होंगी। लेकिन भाजपा इस साजिश को कामयाब नहीं होने देगी। एक सशक्त विपक्ष के नाते पार्टी सदन से सड़क तक कड़ा विरोध करेगी।

# जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद को दो साल की सजा

**सीबीआइ की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला**

**दो अन्य आरोपी को भी सजा और जुर्माना**

**2004 का है मामला, धोखाधड़ी का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीआइ की विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड लोकसेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद को भ्रष्टाचार के मामले में दो साल की सजा एवं 50 हजार का जुर्माना लगाया है। दिलीप प्रसाद के साथ-साथ आरोपी सुरेंद्र कुमार जैन और सुधीर जैन को भी दो-दो साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दिलीप प्रसाद को अपील में जाने के लिए अदालत ने जमानत दे दी है। दिलीप प्रसाद और जैन बंधुओं पर धोखाधड़ी एवं षडयंत्र कर लगभग 29 लाख रुपये की सरकार को राजस्व क्षति पहुचाने का आरोप था। 2004 में हुए इस घोटाले को लेकर वर्ष 2013 में उनके विरोध एफआइआर दर्ज किया गया था। दिलीप प्रसाद पर जेपीएससी में नियुक्तियों में रिश्वत लेने का भी आरोप था। इनके साथ दो और लोगों को सजा सुनायी गयी है। यह मामला सीबीआइ के केस नंबर आरसी 6/2013 के अंतर्गत दर्ज किया गया था। भर्ती घोटाले से जुड़े दर्जनों मामलों में से यह पहला मामला है, जिसमें अंतिम निर्णय आया है। कोर्ट ने इससे पहले अंतिम बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे अब सार्वजनिक कर दिया गया है।




# कांग्रेस ने भाजपा पर किया पलटवार : दल-बदल करने वाले अमर बाउरी आज नाम बदलने पर पीट रहे छाती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को निशाने पर लिया है। बाउरी पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि एक मोहल्ले क्लिनिक का नाम करुणा और मानव सेवा के प्रतीक मदर टेरेसा के नाम पर किया गया तो भाजपा हाय तौबा क्यूं मचा रही है।

मदर टेरेसा त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने



अपना पूरा जीवन कुष्ठ रोगियों, अनाथ बेसहारा लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा की। मदर टेरेसा को नोबेल शांति पुरस्कार एवं भारत रत्न से सम्मानित किया गया। ऐसे में आरोप लगाकर भाजपा अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दे रही है।

**प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा से पूछे कई सवाल :** राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य गठन से अब तक सर्वाधिक दिनों तक सत्ता के शीर्ष पर भाजपा रही है। अमर बाउरी बतायें कि अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर क्यों नहीं एक भी योजना अपने शासनकाल में शुरूआत की। क्या वेंडर मार्केट का नाम स्वर्गीय अटल जी के नाम से रख देने से क्या यह अटल जी के प्रति सम्मान है भाजपा बताये। आज तक देश में कितनी योजनाओं का नाम देश के प्रधानमंत्री ने बदला है जो देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के नाम से था। कई सड़कों का नाम बदल डाला जो इस देश के विभूतियों के नाम से था।

# आरोप : शिक्षक के व्यवहार से परेशान छात्रा ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र की एक गांव की निवासी आठवीं की छात्रा ने शुक्रवार की रात फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। हालांकि छात्रा ने खुदकुशी क्यों की, इसकी स्पष्ट जानकारी तो नहीं हो पा रही है, परंतु मृतक के परिजनों का आरोप है कि स्कूल के एक पारा शिक्षक द्वारा बच्ची को कई प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा था, इसी कारण उसने खुदकुशी जैसी खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गयी। इस मामले को लेकर शनिवार को ग्रामीणों के द्वारा स्कूल के प्रांगण में जमकर हंगामा भी किया गया। परिजनों के आरोप के बाद लातेहार पुलिस ने आरोपी शिक्षक को पूछताछ के लिए थाना लेकर आयी। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मृतक छात्र के परिजनों के अनुसार आठवीं क्लास की छात्रा शुक्रवार को स्कूल से आने के बाद काफी परेशान थी। शुक्रवार की रात में उसने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली । परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल के एक शिक्षक उसके साथ गलत हरकत करते थे। इस मामले को लेकर पहले भी संबंधित शिक्षक को चेतावनी दी गयी थी, परंतु वह सुधर नहीं रहा था। मामले को लेकर शुक्रवार को भी शिक्षक को समझाया गया था। परंतु जब छात्रा स्कूल से घर आयी तो वह काफी परेशान थी। शुक्रवार की रात परेशान छात्रा ने फांसी के फंदे पर झूल कर खुदकुशी कर ली। इधर घटना के बाद शनिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल पहुंचकर विरोध जताते हुए आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस मामले में पारा शिक्षक का कहना है कि बच्ची के द्वारा स्कूल में पैसा लाया गया था। उसी से संबंध पूछताछ की गयी है। परिजनों द्वारा जो आरोप लगाया गया है। वह पूरी तरह गलत है।

इधर इस मामले में संज्ञान लेते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक मुकेश यादव ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाये और दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाये। उन्होंने स्कूलों में काउंसलिंग की व्यवस्था करने की भी मांग की है।




# पूर्व मुख्यमंत्री, जज और अधिकारियों के नाम पर ठगी करने वाले अपराधी पर इनाम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री, जज और अन्य शीर्ष अधिकारियों के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर अपराधी के खिलाफ रांची पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि रंजन कुमार मिश्रा नाम के अपराधी के बारे में किसी प्रकार की जानकारी मिले, तो रांची पुलिस को तुरंत सूचित करें। रांची पुलिस के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री, जज और आला अधिकारियों से ठगी करने वाला रंजन कुमार मिश्रा मूल रूप से पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिले के परसुडीह का रहने वाला है। उसके खिलाफ देश के कई राज्यों में 19 मामले दर्ज हैं। लिहाजा, पुलिस ने जनता से अपील की है कि रंजन के रहने या छिपे होने के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के मोबाइल नंबर 9431706136 पर या आतंक विरोधी दस्ता (एटीएस) के अधीक्षक (एसपी) के फोन नंबर 9771438670 पर सूचित करें। सूचना देने वाले को 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी और सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। उल्लेखनीय है कि रंजन मिश्रा बेहद शातिर अपराधी है। 2018 में उसने खुद को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा बताकर 40 लाख रुपये की ठगी की थी। इसके अलावा, 2020 में उसने उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी के नाम पर राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर राजमणि को ठगने का प्रयास किया था।

इस मामले की जांच के दौरान एसटीएफ ने उसे 30 जुलाई 2020 को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया था। लंबी अवधि तक जेल में रहने के बाद वह 2023 में रिहा हुआ। इसके बाद उसने रांची में एक जज के नाम पर ठगी करने की कोशिश की, इस संबंध में गोंदा थाना में मामला दर्ज किया गया है। रंजन मिश्रा के खिलाफ झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में कुल 19 मामले दर्ज हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.ETELCONBBST-357ER, दिनांक : 18.07.2025

**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे के अधीन खोरधा रोड मण्डल में 1x25 kV सिस्टम का तालचेर-पाललहडा सेक्शन के बीच ट्रैक्शन सब-स्टेशन (TSS), सेक्शनिंग एवं पैरलेलिंग (Paralleling) पोस्ट (SP) एवं सब-सेक्शनिंग एवं पैरलेलिंग (Paralleling) पोस्ट (SSP) की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, रुपान्तरण, परीक्षण एवं शुरूआत।

**कार्य का अनुमानित लागत (रुपये में) :** 2079.58 लाख, EMD(रुपये में) : 11,89,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 18 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 19.08.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B, G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण-I/ भुवनेश्वर

PR-66/CI/25-26

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# झारखंड आदिवासी महोत्सव सात से

## मोरहाबादी में आदिवासी संस्कृति, व्यंजन का लगेगा स्टॉल

**विजयी प्रतिभागियों को 50 हजार रुपया का मिलेगा पुरस्कार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी में अगस्त के दूसरे सप्ताह (7-9 अगस्त) में झारखंड आदिवासी महोत्सव 2025 आयोजित होना है। इसके लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड ने भी पहल शुरू कर दी है। उसकी ओर से महोत्सव में पारंपरिक आदिवासी व्यंजन प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी सह बिक्री के संबंध में सूचना जारी की गयी है। इसके मुताबिक, आदिवासी महोत्सव में इच्छुक प्रतिभागी, प्रतिभागी समूह प्रतियोगिता के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता का निर्णय विशेषज्ञों द्वारा पारंपरिक आदिवासी व्यंजनों को तीन कैटेगरी में बांट कर किया जायेगा। पहली कैटेगरी में आदिवासी संस्कृति की छाया, झलक, परिवेश, स्थानीय सामग्री का उपयोग को शामिल किया जायेगा। दूसरे में व्यंजन, स्वाद, विशिष्टता,




प्रस्तुतिकरण के अलावा तीसरे में ग्राहकों का फीडबैक शामिल किया जायेगा। प्रतिभागियों को व्यंजन तैयार करने के लिए सभी सामग्री और उपकरण स्वयं साथ लेकर आना होगा। उन्हें संस्थान की ओर से केवल स्टॉल उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक प्रतिभागी, प्रतिभागी समूह अपना आवेदन 29 जुलाई के अपराह्न 5 बजे तक सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन करते समय दो जनजातीय व्यंजनों के साथ उसका नाम, फोटो, उपयोग की गयी सामग्री, बनाने की विधि और अन्य जानकारियां भी देनी होंगी। विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र के अलावा प्रथम पुरस्कार के तौर पर 50 हजार, दूसरे पुरस्कार के तौर पर 30 हजार, तीसरे के लिए 15 हजार और चौथे के लिए 5 हजार रुपये का नगद पुरस्कार मिलेगा। प्रतियोगिता के लिए आवेदन पत्र निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसे कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

### स्टॉल के लिए भी मंगाये गये आवेदन

निदेशालय की ओर से आदिवासी महोत्सव में स्टॉल लगाये जाने के लिए भी आवेदन मंगाया गया है। सरकारी संस्थाओं के अलावा विभिन्न एजेंसियों, संगठनों, एनजीओ, सहकारी समितियों और निजी संस्थाओं से भी नाम, पता, इ-मेल आइडी और अन्य सूचनाओं के साथ आवेदन मंगाये गये हैं। 29 जुलाई तक आवेदन सूचना भवन, रांची स्थित निदेशालय के पते पर स्वीकार किये जायेंगे। वाट्स एप नंबर 7631008866 भी जारी किया गया है जिस पर जानकारी ली जा सकती है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ तीसरा ओपीएस-एमयूएन सम्मेलन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति पथ, रांची में 25 और 26 जुलाई को तीसरे ओपीएस- एमयूएन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष का विचारोत्तेजक विषय था - मध्य पूर्व को उपचार देना - इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष का समाधान और मानवीय सहायता सुनिश्चित करना। इसमें रांची के पांच प्रतिष्ठित विद्यालयों में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल, डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल (बरियातू) और दिल्ली पब्लिक स्कूल - के 62 से अधिक छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। छात्रों ने वैश्विक राजनयिकों की भूमिका निभाते हुए समकालीन भू-राजनीतिक चुनौती पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ. राजन सुदेश रत्ना, उप प्रमुख, संयुक्त राष्ट्र एशिया-प्रशांत आर्थिक और सामाजिक आयोग (यूनेस्केप) थे। इसमें सर्वश्रेष्ठ वक्ता मुस्कान सिंह (चीन की प्रतिनिधि) झ डीएवी बरियातू और आयुष किसलय (लिथुआनिया के प्रतिनिधि) ऑक्सफोर्ड को मिला। जनरल स्पीकर्स लिस्ट अवार्ड में अर्नव अनुराग (पुर्तगाल के प्रतिनिधि) डीएवी बरियातू को मिला। सर्वश्रेष्ठ परिधान में माही कुमारी सिंह (भारत की प्रतिनिधि) ऑक्सफोर्ड और अर्जित आनंद (ग्रीस के प्रतिनिधि) डीएवी बरियातू को मिला। सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि मोहम्मद अदनान (तुर्की के प्रतिनिधि) ऑक्सफोर्ड को मिला।

# विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में कारगिल के शहीदों को किया नमन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में शनिवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय निदेशक संजय कुमार के द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरों को नमन के साथ की गयी। शिक्षक राहुल कर्माकर ने कहा कि किस प्रकार कारगिल युद्ध लड़ी गयी थी, और किस प्रकार भारतीय सैनिकों ने अपने जान की परवाह ना करते हुये देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। प्रधानाचार्य अंशु तिवारी ने कारगिल के वीर सैनिकों को नमन करते हुये विद्यार्थियों को भी देश की सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने को कहा। कक्षा नवम, दशम और बारहवीं के छात्रों ने वंदे मातरम् गाने पर पिरामिड बनाते हुये कारगिल में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। अंत में विद्यालय परिसर में उपस्थित शिक्षकगण, अभिभावकगण, छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र गान गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय सचिव विकास गौरव, शकुंतला सिंह, निशा ठाकुर, रेशमा बेगम, अविनाश सिंह, डॉ अजितेश गुप्ता, हरेंद्र कुमार, सुरेश तिर्की, प्रीति, दीपा, अर्चना, पूर्णिमा, मानवी सिंह, बबीता, बेबी, आकांक्षा, सिमरन, डिंपी कुमारी, सपना कुमारी का योगदान सराहनीय रहा।

# संत माइकल्स पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संत माइकल्स पब्लिक स्कूल पुंदाग में शनिवार को कारगिल विजय दिवस हर्षोल्लास और गर्व के साथ मनाया गया। यह दिन 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान को स्मरण करने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की एक छात्रा के संक्षिप्त भाषण से हुआ। इसके पश्चात छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम में शिक्षिका जोहरा जमाल ने एक कविता का पाठ किया। इनमें उन्होंने भारतीय सेना के पराक्रम और बलिदान को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। प्राचार्य मोहम्मद नेजातुल्लाह ने



कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि देश की रक्षा के लिए हमारे सैनिकों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हमें उनका सम्मान करते हुए सदैव राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। सहायक प्राचार्या मंजू पांडेय ने सभी शिक्षक और बच्चों को देशहित में अपने जीवन को व्यतीत करने के लिए शपथ दिलायी। कार्यक्रम में शिक्षकगण, विद्यालय के सभी छात्र और गैर शिक्षण कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का समापन प्रोग्राम संयोजक शिक्षिका आराध्या कुमारी के धन्यवाद भाषण के साथ किया।

# गुरु नानक स्कूल में मना कारगिल विजय दिवस




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल में शनिवार को कारगिल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा तीन से पांचवीं तक के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने इंग्लिश एलोकेशन प्रतियोगिता, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता, स्पीच प्रतियोगिता और कारगिल दिवस पर आयोजित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। प्राचार्य सुमित कौर ने बच्चों को कारगिल दिवस पर भारतीय सेना के बारे में कारगिल युद्ध के दौरान हुयी विजय के बारे में विस्तार से बताया और बच्चों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं उप प्राचार्य हरप्रीत कौर ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कारगिल विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय थल सेना के सेना मेडल प्राप्त ब्रिगेडियर प्रदीप सेन गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सेना ने अपने हथियारों की प्रदर्शनी भी लगायी थी, जिसे देखकर बच्चे और उनके अभिभावक रोमांचित हुए। बॉर्डर पर जिन अस्त्रों से लड़ाइयां लड़ी जाती हैं, उन्हें अपने स्कूल प्रांगण में देखने का अवसर पाकर बच्चे खासे उत्साहित दिखे। कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड फिल्म एंड थिएटर एकेडमी रांची की टीम ने



कारगिल की लड़ाई को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसका निर्देशन प्रसिद्ध अभिनेता और नाटककार राजीव सिन्हा ने किया। सभी बच्चे और अभिभावक इस नाटक देखकर रोमांचित हो गये। कुछ बच्चों ने भारतीय सेना के जवानों के साथ बात करते हुए प्रण किया कि वे भी बड़े होकर सेना में शामिल होकर दुश्मन से लड़ना चाहते हैं। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन मदन सिंह और वाइस चेयरमैन अमन सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने सभी को कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दीं। स्कूल के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने कहा कि कारगिल विजय के इस महत्वपूर्ण अवसर पर हमारे बच्चों को अपने असली वीरों के साथ मिलने का अवसर मिला, जो हमारे लिए गर्व की बात है।

# विश्व आदिवासी दिवस को लेकर केंद्रीय सरना समिति की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने की। इस बैठक में विश्व आदिवासी दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आदिवासी परंपरा और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी, जिसमें महिलाएं लाल पाड़ साड़ी और पुरुष धोती, गमछा, ढोल, नगाड़ा, मांदर, तीर,



धनुष, रंपा, चंपा, घोड़ा, हाथी आदि के साथ शामिल होंगे। बैठक में विमल कच्छप ने कहा कि दुनिया के आदिवासियों को एकजुट करने और उनकी परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए 9 अगस्त 1994 को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के जेनेवा शहर में दुनिया के आदिवासी बुद्धिजीवियों के द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि आदिवासी दिवस के दिन शहर में विधि व्यवस्था दुरुस्त करने, साफ-सफाई, जगह-जगह ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, पानी टैंकर और सुलभ शौचालय की व्यवस्था करने की मांग की। बैठक में केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, सोहन कच्छप, प्रमोद एक्का, किस्पोट्टा, भुवनेश्वर लोहरा, ललित कच्छप, पंचम तिर्की और अन्य शामिल थे।

# सीसीएल में एचआर पेशेवरों के लिए इंटरएक्टिव सत्र का सफल आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मानव संसाधन निदेशक हर्ष नाथ मिश्र के नेतृत्व में एचआर पेशेवरों के लिए एक विशेष इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कंपनी के विभिन्न विभागों के मध्य-स्तरीय अधिकारी और प्रबंधकों ने सक्रिय भागीदारी की। सत्र का उद्देश्य एचआर से जुड़ी चुनौतियों पर खुलकर विचार-विमर्श करना, आपसी संवाद को मजबूत बनाना और कार्यस्थल पर दक्षता व सामंजस्य को बढ़ावा देना



था। अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किये और दैनिक कार्यों में आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधानपरक सुझाव भी दिये। इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि इस प्रकार के इंटरएक्टिव सत्र न केवल एचआर पेशेवरों को नयी दृष्टिकोण और सोच से सशक्त बनाते हैं, बल्कि संगठन की कार्य संस्कृति को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने एचआर के समक्ष मौजूद प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित करते हुए व्यावहारिक समाधान भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान टीमवर्क, पारदर्शिता, और कुशल संचार को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। यह आयोजन सीसीएल की एक सकारात्मक, सहयोगी और आधुनिक कार्य संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि सीसीएल पूर्व में भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानव संसाधन विषयों पर सेमिनार आयोजित कर चुकी है, जो कंपनी की एचआर टीम के निरंतर विकास और उत्कृष्टता के प्रयासों को दर्शाता है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में इंटर-स्कूल कॉमर्स फेस्ट इंद्रप्रस्थ का भव्य समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इंटर-स्कूल कॉमर्स फेस्ट इंद्रप्रस्थ के समापन अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस अवसर पर रांची के 12 प्रतिष्ठित विद्यालयों-सुरेंद्रनाथ सेंटनरी स्कूल, गुरु नानक हाइयर सेकेंडरी स्कूल, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, विद्या विकास पब्लिक स्कूल, ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल, नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, ब्रिजफोर्ड स्कूल, लोयोला कॉन्वेंट स्कूल, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल एवं संट ऐनी कॉन्वेंट स्कूल की उपस्थिति रही। दिन का आरंभ हैच पिच कार्यक्रम से हुआ, जो छात्रों की उद्यमिता क्षमता और व्यवसाय आरंभ करने की कल्पना को मंच प्रदान करने



वाली प्रतियोगिता थी। विद्यार्थियों ने नवोदित उद्यमियों की भूमिका निभाते हुए अपने स्टार्टअप विचारों, प्रोटोटाइप और विपणन रणनीतियों को विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने की क्षमता को उभारने वाला रहा। यह केवल विचारों की प्रस्तुति नहीं थी, बल्कि प्रतिभागियों के आत्मविश्वास को निखारने और उनके सपनों को वास्तविकता में बदलने का प्रयास भी था।

### हैच पिच प्रतियोगिता के विजेता रहे

1. प्रथम स्थान - ब्रिजफोर्ड स्कूल
2. द्वितीय स्थान - दिल्ली पब्लिक स्कूल
3. तृतीय स्थान - सुरेंद्रनाथ सेंटनरी स्कूल, नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल

दूसरी प्रतियोगिता एस्केप रूम रही, जिसमें प्रतिभागियों की समस्या-समाधान क्षमता की परीक्षा ली गयी। यह एक लेवल ओरिएंटेड गेम था, जिसमें विद्यार्थियों ने कॉमर्स से संबंधित पहेलियां हल करके अगले स्तर तक पहुंचने का प्रयास किया। चयनित टीमों को नकली मुद्रा प्रदान की गयी, जिसका उन्हें परिस्थितियों के अनुसार रणनीतिक रूप से प्रयोग करना था। जिस टीम ने निर्धारित समय में सभी स्तर सफलतापूर्वक पार कर लिये, वह विजेता घोषित की गयी। यह आयोजन विद्यार्थियों की विश्लेषण क्षमता, समय प्रबंधन, गणनात्मक सोच और निर्णय लेने जैसे कौशलों को उभारने वाला सिद्ध हुआ।

### एस्केप रूम प्रतियोगिता के विजेता रहे

1. प्रथम स्थान - दिल्ली पब्लिक स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में साकची जैन, सीए एवं वित्तीय विशेषज्ञ ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, विशेष रूप से नृत्य और बैंड परफॉर्मेंस, सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। दिन का समापन सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनकी प्रतिभा और सहभागिता का सम्मान करते हुए किया गया।

प्राचार्या परमजीत कौर ने इंद्रप्रस्थ फेस्ट के सफल आयोजन पर संपूर्ण आयोजन समिति को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने रांची सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के प्राचार्यों के प्रति उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि सरला बिरला पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों को सदैव ऐसे मंच प्रदान करता रहेगा, जिससे वे अपने कौशल, प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर सकें। विद्यालय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में, ऐसे और भी आयोजन हेतु प्रयासरत और प्रतिबद्ध है।

# कोकर दुर्गा पूजा समिति का हुआ भूमि पूजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा समिति का भूमि पूजन शनिवार को एचबी रोड स्थित चंचल कॉप्लेक्स के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर कोकर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष चंचल चटर्जी की उपस्थिति में विधि विधान से खूंटी पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। चंचल चटर्जी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी हम दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े भव्य तरीके से करेंगे। इस बार कोकर दुर्गा पूजा समिति की लाइटिंग भी भव्य रूप से लगायेंगे। इससे माता रानी का दरबार और भी भव्य हो जायेगा। क्लब के तमाम सदस्यों ने माता रानी का जयकारा लगाया। इस पूरे आयोजन के दौरान भारी संख्या में मैया के भक्तों ने भाग लिया। मौके



पर मुख्य संरक्षक राजेश जायसवाल, कार्यकारणी अध्यक्ष नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष सानू सरकार और हरि जयसवाल, धर्मेंद्र चौधरी, विक्की सिंह, सम्राट चटर्जी, गुड्डू सोनी, उत्तम दुबे, कुमार कौशल, संतोष शर्मा, अजय जायसवाल, शुभम सिंह, रोहित सिंह सहित सभी सदस्य शामिल थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित सिंह ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 26.3 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.34 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.16 बजे |

## महत्वपूर्ण खबरें

### कारगिल विजय दिवस पर मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने वीर शहीदों को किया नमन




रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करने वाले वीर जांबाजों और उनके परिवारजनों को नमन करता हूं। कारगिल विजय दिवस की सभी को शुभकामनाएं और जोहार। वहीं, बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश के जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और बलिदान के प्रतीक कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों के प्रति देश सदैव कृतज्ञ रहेगा।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को मिली धमकी, जांच में जुटी पुलिस



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। धमकी देने वाले ने मैसेज कर उन्हें गोली मारने की बात कही है। मामला संज्ञान में आने के बाद रांची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। रांची पुलिस के अनुसार केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को जिस नंबर से धमकी दी गयी है, रांची पुलिस की साइबर सेल उसका डिटेल खंगाल रही है। फिलहाल केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री दिल्ली में हैं। उल्लेखनीय है कि संजय सेठ को धमकी दिये जाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले दिसंबर 2024 में भी संजय सेठ को धमकी दी गयी थी। उनसे टेक्स्ट मैसेज के जरिये 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गयी थी। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी थी।

### नागेंद्र महतो को भाजपा विधायक दल का सचेतक बनाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड भाजपा के बगोदर विधायक सह वरिष्ठ बीजेपी नेता नागेंद्र महतो को भाजपा विधायक दल के सचेतक बनाये जाने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। बता दें कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विधायक नवीन जायसवाल को मुख्य सचेतक, राज सिन्हा और नागेंद्र महतो को सचेतक चुना गया है। इस अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्र नेता कमलेश कुमार महतो ने सचेतक से मिलकर शुभकामनाएं दीं। कमलेश महतो ने नागेंद्र महतो के उज्जवल भविष्य की कामना की और राज्य की विकास की गति में उनकी भागीदारी की कामना की। इस अवसर पर कुछ ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा भी की गयी और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

### झारखंड समावेशी शिक्षा रिसोर्स शिक्षक, थेरेपिस्ट संघ की मांग, विभाग का समायोजन करें

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड समावेशी शिक्षा रिसोर्स शिक्षक / थेरेपिस्ट संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार को ज्ञापन दिया। इसमें कहा है कि सभी रिसोर्स शिक्षक विगत 10 वर्षों से ज्यादा समय से झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत कार्यरत हैं। विभाग ने कभी भी हमलोगों के योग्यता पर कोई सवाल नहीं उठाये। अब सुप्रीम कोर्ट के द्वारा निर्देश दिये जाने के बाद जब लोगों का समायोजन का समय आया तो, हम लोगों को उससे अलग रखने का षड्यंत्र कुछ विभागीय पदाधिकारी कर रहे हैं। इसलिए जो षड्यंत्र हमलोगों के खिलाफ रचा जा रहा है। इसका हमारा संघ विरोध करता है। हमलोगों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन के माध्यम से जो भी योग्यता मांगी गयी थी। उस योग्यता के आधार पर ही हम सभी का चयन हुआ है, और इसी आधार पर अभी हम लोग पिछले 10 वर्षों से ज्यादा समय से कार्य कर रहे हैं। विभाग ने कभी नहीं कहा कि अलग से कोई डिग्री या सर्टिफिकेट चाहिए। अतः हमारा संघ विभाग से मांग करता है कि सभी विशेष शिक्षकों का सीधा समायोजन शीघ्र किया जाय। इस कार्यक्रम में संजय यादव, झूमा सरकार, गिरधारी महतो, संतोष कुमार, सुषमा कुमारी, मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### राधाकृष्ण किशोर को आमंत्रण पत्र सौंपा



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति के प्रमुख लोगों ने 2 अगस्त को राजभवन के समक्ष आयोजित महाधरना में शामिल होने के लिए मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सुरेश बैठा, उज्जवल दास, सुरेश पासवान, डॉ मंजू देवी, प्रकाश राम, जनार्दन पासवान सहित अनुसूचित जाति के सभी पूर्व विधायक को आमंत्रित कर धारणा कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। मौके पर उपेंद्र कुमार रजक, संतोष रजक, टिंकू राम, संदीप टाइगर, गोविंदा वाल्मीकि, मुकेश नायक, राजू राम, कमलेश राम, शिव टहल नायक, महावीर मिर्धा, मुकेश नायक, आदि ने कहा कि महाधरना में मंत्री एवं सभी विधायक ने उपस्थित हो समाज के के मुद्दों पर सड़क से सदन तक संघर्ष करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अशोक रजक, जीवन राम, संजीत बावड़ी, डॉ जयप्रकाश कुमार, विजय तुरी, संजय राम, विजय नायक सहित दर्जनों उपस्थित थे।

## प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी का प्रदेश स्तरीय संगठन सृजन-मंथन सह सावन महोत्सव

# महिलाओं की संगठन में भागीदारी पर मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय संगठन सृजन-मंथन सह सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह ने की। इस अवसर पर अतिथि के रूप में कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड सरकार के मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, मार्केट बोर्ड अध्यक्ष रविंद्र सिंह, युवा आयोग अध्यक्ष कुमार गौरव उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सात साल बेमिसाल (संगठन) पर दोनों मंत्रियों और अन्य उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया इसके बाद महिला कांग्रेस नेत्रियों ने केक काटकर बधाई दी इसके उपरांत सावन महोत्सव पर महिलाओं के बीच श्रृंगार किट और मुकुट का वितरण किया गया। नेता विधायक दल प्रदीप यादव ने कहा कि प्रदेश में महिला कांग्रेस अच्छ काम कर रही है, प्रदेश में महिलाओं की समस्याओं के साथ पार्टी और सरकार खड़ी है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि संगठन सृजन वर्ष पूरे देश भर में चल रहा है, झारखंड प्रभारी के राजू के निर्देश पर महिला कांग्रेस भी संगठन सृजन के तहत कार्य कर रही है। महिला कांग्रेस की जितनी हिस्सेदारी उतनी भागीदारी कोटे में शामिल हैं। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि संगठन सृजन मंथन एवं सावन मिलन समारोह में सहभागिता कर संगठन की शक्ति और महिला सशक्तिकरण पर सार्थक संवाद का हिस्सा बनी हूं यह काफी सराहनीय कार्यक्रम है। महिला कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी ऊर्जा, अनुभव और अपेक्षाओं को करीब से महसूस किया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब भी आधी आबादी को सम्मान देने की बात होती है कांग्रेस का नाम सबसे पहले लिया जाता है। झारखंड में कांग्रेस कोटे के चार मंत्री पद में से दो महिला मंत्री का होना इसका प्रमाण है, जब महिलाएं पुरुषों से बराबरी की बात करती हैं, जब पुरुषों के साथ कदम ताल करने का दंभ भरती है, तो उन्हें संगठन के मोर्चे पर भी अपनी ताकत का अहसास कराना होगा। अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि संगठन सृजन का मुख्य उद्देश है आधी आबादी की आवाज को बुलंद करना, समाज में महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार और दुर्व्यवहार के खिलाफ महिलाओं को ही आवाज बुलंद करना होगा। महिलाओं की संगठन में भागीदारी से ही राजनीति में हिस्सेदारी भी बढ़ेगी। इस अवसर पर पिंकी सिंह, पावती सिंह, नीलम सहाय, अनिता सिन्हा, मीनू सिंह, कंचन चौधरी, संगीता टोप्पो, शहनाज खातून, पुनिता चौधरी, नीतू देवी, मेरी तिर्की, मंजू जोशी सहित अन्य शामिल थीं।

## भाजपा को नाम बदलने में तकलीफ क्यों हो रही है : लाल किशोर नाथ शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अटल क्लिनिक के नाम बदले जाने से झारखंड की सियासत में उफान आ गयी है। जहां भाजपा इस मुद्दे को लेकर आक्रामक हो झारखंड सरकार को घेरने में लग गयी है। वहीं गठबंधन सत्ता पक्ष के लोग बचाव में उतर गयी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के गठन पर भाजपा अकेले क्रेडिट लेने की कोशिश न करें, अलग राज्य गठन कांग्रेस पार्टी के फैसले के कारण ही संभव हो सका। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य की क्रेडिट अकेले भारतीय जनता पार्टी नहीं ले सकती। मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि अमर कुमार बाउरी को मालूम होना चाहिए कि राज्यसभा में झारखंड अलग राज्य विधेयक को पारित कराना कांग्रेस के सहयोग के बिना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के बाद भाजपा लंबे समय शासन में रही, लेकिन अपेक्षाकृत अन्य राज्यों की तुलना में जो झारखंड का विकास होना चाहिए था, वह नहीं हो पाया। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा के गलत नीतियों और उनके गलत सिद्धांतों की वजह से राज्य विकसित नहीं हो पाया। अब महागठबंधन की सरकार जब विकास को गति देना चाहती है, तो वो आपत्ति दर्ज करते हैं या विरोध प्रदर्शन करते हैं। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सेवा में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। सरकार निरंतर प्रयासरत है। एक-एक व्यक्ति को स्वास्थ्य का सुविधा मिले, इसके लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा का नाम लेने से मन में सेवा, समर्पण और त्याग की भावना आती है। इस निर्णय को राज्य की जनता ने सराहा है, लेकिन जनता इस बात को समझ नहीं पा रही है कि जो भाजपा योजनाओं का नाम बदलने में सैकड़ा लगा चुकी है, वो मदर टेरेसा के नाम का विरोध क्यों कर रही है।

## झारखंड में तुष्टिकरण और मतांतर को बढ़ाने की साजिश : भाजयुमो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आज भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में अल्बर्ट एक्का चौक पर अटल क्लिनिक का नाम मदर टेरेसा करने के विरोध में पुतला दहन किया गया। मौके पर शशांक राज ने कहा कि आज दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से चलने वाले अटल क्लिनिक का नाम मदर टेरेसा के नाम से कर के तुष्टिकरण को बढ़ाया है। मौके पर रोमित नारायण सिंह ने कहा कि ये राज्य की सभ्यता पर भी सीधा सीधा हमला है इसको राज्य की जनता इसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, राहुल अवस्थी, महानगर महामंत्री बलराम सिंह, राजू सिंह, विनय सिंह बंटी, रूपेश सिन्हा, मनीष दुबे, राहुल चौधरी, नीरज सिंह, सचिन साहू, प्रिंस कुमार, तरुण दास, नीरज कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, रणधीर सिंह, चिंटू झा, रोहित सिंह, पवन पासवान, चंदन प्रजापति सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## आफताब की फरारी मामले में हटाये गये रामगढ़ थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/रामगढ़।** रामगढ़ थाना के प्रभारी पीके सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। बोकारो आइजी के आदेश पर रामगढ़ के एसपी ने यह कार्रवाई की है। पीके सिंह को रामगढ़ पुलिस लाइन में योगदान देने को कहा गया है। आइजी ने रामगढ़ एसपी को निर्देश दिया है कि इस पूरे मामले की जांच करें और दोषी पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को चिन्हित कर जांच रिपोर्ट जल्द भेजें।

जानकारी के मुताबिक रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह के खिलाफ यह कार्रवाई थाना हाजत से गुड्डू उर्फ आफताब की फरारी के मामले की गयी है। आफताब को पुलिस ने एक युवती के साथ गलत करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसे बिना हथकड़ी के थाना में रखा गया था। पुलिस के मुताबिक, वह दामोदर नदी की तरफ जाने वाले रास्ते से भाग गया। थाना परिसर से फरार होने के बाद आफताब उर्फ गुड्डू के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। वह अपने घर भी नहीं पहुंचा है। उल्लेखनीय है कि युवती के साथ गलत करने के मामले में रामगढ़ महिला थाना में कांड संख्या 14/2025 दर्ज किया गया था। इस मामले में ही पुलिस ने अभियुक्त गुड्डू उर्फ आफताब अंसारी को रामगढ़ थाना लाया था और वह थाना परिसर से ही फरार हो गया।

## झारखंड के आठ जिलों में 29 को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के आठ जिलों में 29 जुलाई को भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने जिन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है उनमें राज्य के दक्षिणी-पूर्वी जिले शामिल हैं। इनमें पूर्वी सिंघभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर, दुमका, गिरिडीह और गोड्डा शामिल हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले के बोल्बा में 94.6 मिलीमीटर दर्ज की गयी है। वहीं इस दौरान राजधानी रांची में 38.8 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल पश्चिम बंगाल के गंगा के तटीय क्षेत्र और उससे सटे झारखंड पर बना दबाव पिछले 25 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। वहीं इसके अगले 36 घंटों के दौरान झारखंड और आसपास के उत्तरी छत्तीसगढ़, उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और आसपास के दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री, जमशेदपुर में 29.3, डालटेनगंज में 30.2, बोकारो में 32.1 और चाईबासा में तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## नीतीश ने बिहार के पत्रकारों को दी बड़ी सौगात

# मासिक पेंशन 15,000 रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा

## बिहार श्रमजीवी पत्रकार संघ ने जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना/रांची।** बिहार श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीडब्ल्यूजेयू ) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सेवानिवृत्त पत्रकारों के लिए मासिक पेंशन 6,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा का स्वागत किया है। अध्यक्ष महेश कुमार सिन्हा ने कहा कि बीडब्ल्यूजेयू की मांग पर सरकार द्वारा 2020 में पेंशन योजना शुरू की गयी थी। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पेंशन को 6,000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा की है। सिन्हा ने कहा कि पेंशन योजना का लाभ पाने वाले सेवानिवृत्त पत्रकारों की पत्नियों को उनकी मृत्यु होने पर 10,000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी, जबकि पहले उन्हें 3,000 रुपये प्रति माह मिलते थे। उन्होंने आगे कहा कि यह पत्रकारों के लिए बड़ी राहत होगी, क्योंकि उनमें से अधिकांश अपनी सेवानिवृत्ति के बाद गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बिहार में सेवानिवृत्त पत्रकारों के लिए मासिक पेंशन में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री कुमार को धन्यवाद दिया। भारतीय पत्रकार संघ (आइजेयू) के उपाध्यक्ष अमर मोहन प्रसाद, राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति (एनइसी) के सदस्य शिवेंद्र नारायण सिंह, बीडब्ल्यूजेयू के उपाध्यक्ष कमल किशोर, विष्णु कांत मिश्रा, एस पी सिन्हा और कई अन्य पत्रकारों ने भी इस घोषणा का स्वागत किया और मुख्यमंत्री कुमार को उनके उदार निर्णय के लिए धन्यवाद दिया। बीडब्ल्यूजेयू ने बिहार में सेवानिवृत्त पत्रकारों के लिए मासिक पेंशन में वृद्धि के उनके निर्णय के लिए मुख्यमंत्री कुमार के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया।

## बाबा के महाकाल स्वरूप का श्रृंगार शहीदों को समर्पित होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पहाड़ी मंदिर रांची में श्रावण मास के तीसरे रविवार को नीचे महाकाल मंदिर में एक बार फिर से पिछले रविवार की तरह उज्जैन बाबा महाकाल का स्वरूप रांची के भक्तों को देखने को मिलेगा। इस बार बाबा महाकाल उज्जैन की तर्ज में भक्तों को दर्शन देंगे। इनका श्रृंगार कारगिल के शहीदों को समर्पित होगा। संध्या 6.30 से बाबा का श्रृंगार का दर्शन होगा, इसके बाद संध्या 7.30 से बाबा की आरती होगी और आरती के बाद बाबा का भस्म आरती का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर भोले की फौज के द्वारा भव्य कीर्तन किया जायेगा क श्रावण मास के चारों रविवार की संध्या को उज्जैन की तर्ज पर बाबा का श्रृंगार किया जायेगा एवं भस्म आरती करायी जायेगी। विशेष कर बूढ़े बुजुर्ग एवं बच्चे भक्त जो की बाबा के दर्शन को ऊपर मुख्य मंदिर में दर्शन को नहीं जा पाते वे इस श्रृंगार दर्शन के लिए बहुत ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। समिति की ओर से बताया गया है कि रविवार को कारगिल के शहीदों को याद कर उनके नाम पर पहाड़ी मंदिर में दीपक भी भक्तों के द्वारा जलाया जायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोग-ऋण-शत्रुबाधा का सामना होगा,जमीन-जायदाद संबंधी जटिल-समस्या से परेशानी।
- **वृष** — आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी, प्रस्तावित योजनाओं में आवश्यकतानुसार सफलता मिलेगी।
- **मिथुन** — लोकप्रियता का विस्तार,अधूरा कार्य पूरा होगा,धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **कर्क** — प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।
- **सिंह** — कठिन परिश्रम-प्रयास से रोजी-रोजगार की परिस्थितियों में सुधार,बिगड़ा काम बनेगा।
- **कन्या** — कार्यकारी स्थिति में सुधार होगा,आजीविका के क्षेत्र में विविध समस्याओं का समाधान।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

### प्रदीप राय के निधन पर सीपीआइ सदस्यों ने शोक जताया

रांची (आजाद सिपाही)। सीपीआइ रांची जिला परिषद के सदस्य प्रदीप राय के निधन पर सीपीआइ सदस्यों के साथ रांची जिला परिषद के सचिव अजय कुमार सिंह ने शोक व्यक्त किया है। प्रदीप राय सीपीआइ के आजीवन सदस्य रहे। रांची जिला में सीपीआइ के संगठन निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी के सभी आंदोलनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। प्रदीप राय मार्क्सवादी विचार धारा के पूर जोर समर्थक थे। उनके निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। पार्टी कार्यालय में झंडा को झुका दिया गया है। पार्टी उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करती है।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
ई: निविदा सूचना सं. एस.जी. 664–14–संकेत–2025–26
भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम: हजारीबाग टाउन और कंसार नवादा के बीच आईबीपी का प्रावधान हेतु। 2. कार्य का आकलित मुल्य: ₹ 2,26,16,020.36 (लगभग), 3. कार्य का अग्रधन राशि: ₹ 2,63,100.00, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 13.08.2025 (12:00 बजे)। 5. ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य :– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, धनबाद
पीआर/0660/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/25–26/32

पूर्व तट रेलवे
ई-निविदा सूचना सं.CAOCRSPBBS-19-2025, दिनांक : 21.07.2025
कार्य का नाम : खोरधा रोड मण्डल के अधीन खोरधा रोड-पलासा मेन (Main) लाइन में इच्छापुरम-झाडुपुडि स्टेशन के बीच समपार सं.334 के बदले में रेलवे कि.मी.633/5-7 में रेलवे अंश के लिए रोड ओवर ब्रिज (ROB) 1X36.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर + 2X24.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर +4X18.75 मीटर T-बीम गर्डर (ब्रिज प्रॉपर) का निर्माण।
कार्य का अनुमानित लागत (रुपये में) : 5782 लाख, EMD(रुपये में) : 30,41,200/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 24 महीने।
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.08.2025 को 1530 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उल्लिखित सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B,G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी/ भुवनेश्वर
PR-67/CI/25-26

# मेक अमेरिका ग्रेट अगेन अभियान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मेक अमेरिका ग्रेट अगेन अभियान प्रवासी विरोधी बनता जा रहा है। यूएस की टेक कंपनियों को उनकी ताजा चेतावनी इसी का प्रमाण है। हालांकि ट्रंप की ऐसी हर कोशिश उनके ही देश को नुकसान पहुंचायेगी।

**फिर निशाने पर भारत :** अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत ही धमकियों से करने वाले ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। एक एआइ समिट में उन्होंने कहा कि हमारी कई बड़ी टेक कंपनियों ने अमेरिकी आजादी का फायदा उठाते हुए चीन में फैक्ट्रियां बनायीं। भारत में कर्मचारियों को नौकरी दी और आयरलैंड में मुनाफा बचाया...। कुछ अरसा पहले ही ट्रंप ने एपल को चेतावनी दी थी कि अगर उसने भारत में प्रॉडक्शन किया, तो आईफोन पर 25% टैरिफ लगा दिया जायेगा।

**काबिलियत को जगह :** ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका में बिकने वाला हर सामान अमेरिका में ही बने और उसे बनायें भी अमेरिकी ही, लेकिन क्या यह संभव है? ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में जब मुक्त व्यापार की बात हो रही है, तब कोई अर्थव्यवस्था खुद में सिमट कर नहीं रह सकती। और सबसे अहम बात, अमेरिकी कंपनियां इसलिए भारत या चीन में प्लांट लगाना चाहती हैं, क्योंकि यहां मैन्युफैक्चरिंग सस्ती है। इसी तरह, सिलिकॉन वैली या दूसरी अमेरिकन इंडस्ट्रीज में भारतीयों ने अपनी काबिलियत के दम पर जगह बनायी है।

> **अमेरिकी की टेक इंडस्ट्री या सिलिकॉन वैली आज अगर वैश्विक स्तर पर राज कर रही है, तो इसमें प्रवासियों का बड़ा योगदान है। दुनियाभर की मेधा, खास कर भारत की, ने मिल कर इस इंडस्ट्री को सींचा है।**

**इकॉनमी के इंजन :** पिछले साल की एक रिसर्च के मुताबिक, सिलिकॉन वैली के करीब एक तिहाई टेक एम्प्लॉई भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्युन 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में टॉप पोजिशन पर भारतीय बैठे हैं। ये भारतीय अमेरिकी इकॉनमी के इंजन हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे और इनकी टोटल वैल्यू 195 अरब डॉलर आंकी गयी थी। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। इसी तरह, अमेरिका की आबादी में बमुश्किल 1.5% होने के बावजूद भारतीय 5-6% इनकम टैक्स अदा करते हैं।

**विकास में योगदान :** अमेरिकी की टेक इंडस्ट्री या सिलिकॉन वैली आज अगर वैश्विक स्तर पर राज कर रही है, तो इसमें प्रवासियों का बड़ा योगदान है। दुनियाभर की मेधा, खास कर भारत की, ने मिल कर इस इंडस्ट्री को सींचा है। इलॉन मस्क की टेस्ला को जब ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर में सफलता मिली, तो उन्होंने भारतीय मूल के एक रोबोटिक्स इंजीनियर अशोक एल्लुस्वामी का ही नाम पहले लिया था।

**कहां से लायेंगे लोग :** ट्रंप उस वैश्वीकरण को खत्म करने की बात कर रहे हैं, जिससे सबसे ज्यादा फायदा अमेरिका को ही हुआ है। उनके पास इंडस्ट्री की मांग को पूरा करने लायक वर्कफोर्स नहीं है। भारत के बिना उनका टअऱ्क्षअ पूरा नहीं हो सकता।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सर्वाइकल कैंसर विश्व स्तर पर महिलाओं में होने वाले कैंसर में चौथा सबसे आम प्रकार है। इसकी गंभीरता को देखते हुए, भारत सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग अभियान चला रही है। हाल ही में, एएनआइ की रिपोर्ट के अनुसार, इन योजनाओं के तहत देश भर में 10.18 करोड़ से अधिक महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर के लिए जांच की गयी है।**

# 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की हुई सर्वाइकल कैंसर जांच

**शिखर बरनवाल**

सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। यह विश्व स्तर पर महिलाओं में होने वाले कैंसर में चौथा सबसे आम प्रकार है। इसकी गंभीरता को देखते हुए, भारत सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग अभियान चला रही है। हाल ही में, एएनआइ की रिपोर्ट के अनुसार, इन योजनाओं के तहत देश भर में 10.18 करोड़ से अधिक महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर के लिए जांच की गयी है।

यह आंकड़ा इस बीमारी के व्यापक प्रसार और इसकी शुरुआती पहचान के महत्व को रेखांकित करता है। कैंसर के जोखिमों को ध्यान में रखते हुए सभी लोगों को इससे बचाव के उपाय करते रहने चाहिए। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि सर्वाइकल कैंसर क्या है? इसके लक्षण क्या हैं साथ ही इसके बचाव के तरीके क्या हो सकते हैं?



**देखा जाये तो सर्वाइकल कैंसर एक बड़ा खतरा है, इसलिए सभी महिलाओं के लिए इससे बचाव के तरीके जानना बहुत जरूरी है। एचपीवी वैक्सीन इस कैंसर के जोखिम को काफी कम कर सकती है। इसके अलावा, यौन संबंध के दौरान सफाई और सुरक्षात्मक उपायों का खास ध्यान रखें।**

## क्या है सर्वाइकल कैंसर?

> सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर है, जो गर्भाशय के निचले हिस्से में विकसित होता है और योनि से जुड़ता है।

सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर है, जो गर्भाशय के निचले हिस्से में विकसित होता है और योनि से जुड़ता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण है। यह एक यौन संचारित संक्रमण है, जिसका मतलब है कि यह यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। हालांकि, हर एचपीवी संक्रमण कैंसर का कारण नहीं बनता। शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अक्सर वायरस से लड़ कर उसे खत्म कर देती है, लेकिन कुछ उच्च जोखिम वाले एचपीवी प्रकार यदि शरीर में लंबे समय तक बने रहें, तो वे गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में असामान्य बदलाव ला सकते हैं, जो धीरे-धीरे कैंसर में बदल जाते हैं। इस प्रक्रिया में आमतौर पर कई साल लगते हैं, जिससे शुरूआती लक्षण दिखने में समय लग सकता है।

## सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती चरणों में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। हालांकि जब लक्षण प्रकट होते हैं, तो उन पर ध्यान देना जरूरी होता है-

**असामान्य योनि से रक्तस्त्राव**

मासिक धर्म के बीच रक्तस्त्राव, यौन संबंध के बाद रक्तस्त्राव, या मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) के बाद रक्तस्त्राव। यह सबसे आम चेतावनी संकेत है।

**असामान्य योनि स्त्राव**

योनि से असामान्य, पानी जैसा, खून से सना हुआ, या दुर्गंध स्त्राव आना भी सर्वाइकल कैंसर का संकेत हो सकता है।

**पेल्विक दर्द**

पेट के निचले हिस्से या पेल्विक एरिया में दर्द होना, खासकर यौन संबंध के दौरान उस एरिया में दर्द होना सर्वाइकल कैंसर का संकेत हो सकता है। ये सामान्य लक्षण हैं, इसके अलावा जब कैंसर फैलने लगता है तो पेशाब या शौच के दौरान दर्द, पैरों में सूजन, वजन घटना, भूख न लगना, थकान जैसे लक्षण दिख सकते हैं। यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण लगातार महसूस होता है, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

## सर्वाइकल कैंसर से निदान और इलाज

सर्वाइकल कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये कैंसर या कोशिकाओं के असामान्य विकास का पता लगाने में मदद करते हैं। यदि कोई लक्षण दिखते हैं, तो डॉक्टर पुष्टि के लिए एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाने की सलाह भी दे सकते हैं।

सर्वाइकल कैंसर का उपचार कई बातों पर निर्भर करता है, जैसे कैंसर किस स्टेज पर है या मरीज को कोई अन्य स्वास्थ्य समस्या तो नहीं है। इन्हीं के आधार पर सर्जरी, रेडिएशन (विकिरण) या कीमोथेरेपी जैसी उपचार तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है।

## महिलाएं जरूर बरतें ये सावधानियां

देखा जाये तो सर्वाइकल कैंसर एक बड़ा खतरा है, इसलिए सभी महिलाओं के लिए इससे बचाव के तरीके जानना बहुत जरूरी है। एचपीवी वैक्सीन इस कैंसर के जोखिम को काफी कम कर सकती है। इसके अलावा, यौन संबंध के दौरान सफाई और सुरक्षात्मक उपायों का खास ध्यान रखें।

कंडोम का उपयोग करना सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को बहुत हद तक कम कर सकता है। यदि आप धूम्रपान करती हैं, तो इसे तुरंत बंद कर दें, क्योंकि इससे सर्वाइकल कैंसर के साथ-साथ कई अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

**(नोटः यह लेख मेडिकल रिपोर्टस से एकत्रित जानकारियों के आधार पर तैयार किया गया है। इसे पाठक की जानकारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।)**

# कोल्हान की खबरें

## भाजयुमो ने अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने के विरोध में पुतला फूंका



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक किए जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर ने जुबिली पार्क गोलचक्कर के पास झारखंड सरकार का पुतला फूक कर विरोध जताया। शनिवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष नितीश कुशवाहा के। नेतृत्व में भाजयुमो नेताओं ने निर्णय को पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान और जनभावनाओं का अपमान बताते हुए सरकार से फैसला वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी यदि नाम परिवर्तन का फैसला रद्द नहीं हुआ तो युवा मोर्चा सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा।मौके पर डॉ. राजीव कुमार, जटाशंकर पांडेय, निशांत कुमार, अमिताभ सेनापति, सागर राय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




घाटशिला (आजाद सिपाही)। घाटशिला महाविद्यालय के एनसीसी इकाई और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार को प्राचार्य डॉ. पी.के. गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित समारोह में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पेंटिंग प्रतियोगिता में 50 और भाषण प्रतियोगिता में 15 छात्रों ने भाग लिया। भाषण का विषय रहा ₹देशभक्ति के मायने₹।कार्यक्रम का संचालन प्रो. इंदल पासवान ने की। निर्णायक मंडली में प्रो. सोमां सिंह, डॉ. कुमार विशाल और डॉ. कन्हाई बारिक शामिल रहे।मौके पर एनसीसी अधिकारी सहित सैकड़ो छात्रों व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सोनारी मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण गंभीर दुर्घटनाओं को दे रहा न्योता : सुधीर कुमार

**सोनारी शांति समिति की बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा, पार्किंग और शौचालय की मांग, अवैध अतिक्रमण पर जताई गंभीर चिंता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सोनारी थाना शांति समिति की एक बैठक सचिव सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गयी। शनिवार को आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्यगण, दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी सहित क्षेत्र के कई बुद्धिजीवी नागरिकगण उपस्थित रहे। बैठक में दुर्गा पूजा की तैयारी और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर एक विचार विमर्श किया गया। मौके पर सभी ने सोनारी क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर गंभीर चिंता जतायी। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बताया एयरपोर्ट चौक से लेकर कागलनगर, नर्स क्वार्टर तथा तहसीलदार चौक तक की सड़कों पर दुकानों, ठेले, वाहन पार्किंग और अवैध निर्माणों के कारण सड़कें अत्यंत संकीर्ण हो गयी हैं। सड़कों में आम जनता को होरही भारी परेशानी के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने जूस्को प्रबंधन और जिला प्रशासन से आग्रह किया इस तरह एयरपोर्ट चौक का सौंदर्यीकरण हुआ उसी प्रकार सोनारी क्षेत्र के अन्य प्रमुख चौकों और सड़कों का भी चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण किया जाये। साथ ही एरोड्रम बाजार चौक पर सूखे पेड़ों की डालियों को अविलंब कटाई की जाये, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

सुधीर पप्पू ने एयरपोर्ट बाजार और गुदरी बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पार्किंग और शौचालय की समुचित व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने जिला प्रसाशन से रात्रि गश्ती बढ़ाने और मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही सड़क चौड़ीकरण के पश्चात दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए नियमित निगरानी और कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर जसवंत साहू, अशोक सिंह, प्रदीप लाल, त्रिभुवन यादव, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद ताहिर, विनोद यादव, विनय दुबे, डी बोस, सर्वेश प्रसाद, सतीश शर्मा, नारायण ससमल, प्रभात श्रीवास्तव, संजय रजक, अजय रजक, राकेश आदि उपस्थित रहे।

## पोटका विधायक संजीव सरदार ने परिजनों को सौंपी सहायता राशि



**पोटका/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारी बारिश के बीच पोटका प्रखंड के मुकुंदासाई गांव में कच्चा मकान ढहने से एक पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गयी। शनिवार को घटना की सूचना मिलते ही पोटका विधायक संजीव सरदार पीड़ित परिवार से मुलाकात कर प्रशासन को त्वरित मुआवजा, राशन, वस्त्र और आबुआ आवास योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक श्री सरकार ने मृतक के परिजनों को नगद सहायता, वस्त्र और राहत सामग्री प्रदान की। इसके अलावा चाकड़ी पंचायत के बड़ा रामगढ़ गांव में 14 भेड़ों की मौत पर उन्होंने किसान होपना मार्डी को निजी खर्च से आर्थिक सहयोग दिया और प्रशासन को मुआवजा देने का निर्देश दिया। विधायक ने प्रशासन से आग्रह किया बाढ़ प्रभावितों को प्राथमिकता के आधार पर आबुआ आवास एवं अन्य योजनाओं का लाभ तत्काल दिया जाये।

## नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक विजेता स्नेहा कुमारी को किया गया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में ₹कारगिल विजय दिवस₹ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।शनिवार को कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।मौके पर उपस्तित हुए इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियन स्नेहा कुमारी ने छात्रों को प्रेरित किया। कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने स्नेहा कुमारी को 40 हजार की सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया।कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने कहा स्नेहा ने हाल ही में थाईलैंड के पटाया में आयोजित 12वीं इंटरनेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भारत और झारखंड का नाम रोशन की। ऐसे होनहार छात्र को विश्वविद्यालय में सम्मानित कर गर्व महसूस हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण शामिल रहे।

## भालूबासा जंबू अखाड़ा समिति का भव्य सामूहिक जलाभिषेक यात्रा चार को



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। लौहनगरी जमशेदपुर के भालूबासा स्थित श्री श्री लिंगेश्वरनाथ मंदिर से जंबू अखाड़ा समिति द्वारा सावन माह में आयोजित होने वाले श्रद्धा और आस्था का अनुपम संगम एक बार फिर शहर वासियों को देखने मिलेगा। जंबू अखाड़ा समिति ने 4 अगस्त को होनेवाले सामूहिक जलाभिषेक यात्रा के लिए भव्य तैयारी शुरू कर दी।जलाभिषेक यात्रा का आयोजन प्रातः 7 बजे से 10:30 बजे तक होगी,जिसमें बड़ी संख्या में शहर व आस पास क्षेत्र से श्रद्धालु शामिल होंगे।इस धार्मिक यात्रा का एकत्रीकरण स्थल श्री श्री लिंगेश्वरनाथ मंदिर जम्बू अखाड़ा प्रांगण भालूबासा निर्धारित किया गया। जंबू अखाड़ा समिति के संरक्षक बंटी सिंह ने पुण्य कार्य में क्षेत्रवासियों एवं शिवभक्तों से सपरिवार भाग लेकर पारंपरिक भक्ति भाव के साथ शिवलिंग पर जलार्पण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

## मजदूर की मौत पर हंगामा, परिजनों ने प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सोनी ऑटो एंड एलाइड इंडस्ट्रियल लिमिटेड यूनिट-3 में कार्यरत 40 वर्षीय मजदूर सर्वेश्वर महतो मौत के बाद परिजनों ने कंपनी गेट पर शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने 15 लाख मुआवजा और एक आश्रित को स्थायी नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे। परिजनों का आरोप है बीमार होने के बावजूद उचित इलाज नहीं मिलने से उनकी मौत हुई। वहीं कंपनी ने 1 लाख रुपये मुआवजा और नौकरी देने की बात कही। इस मौके पर श्रम अधीक्षक, अंचल अधिकारी और पुलिस प्रशासन ने परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन मांगों पर कायम रहे।

## जुगसलाई विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर राहत सामग्री बांटी



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र के गरीब नवाज कॉलोनी, इस्लाम नगर, हबीब नगर और शिव घाट का दौरा किया। शनिवार को विधायक ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और नुकसान का जायजा लिया।साथ ही बाढ़ पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया।विधायक ने अधिकारियों को सभी आवश्यक राहत कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जुगसलाई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान को गरीब नवाज कॉलोनी में स्विस गेट निर्माण और शिव घाट के स्विस गेट की मरम्मत का निर्देश दिया।विधायक ने कहा इस कठिन समय में हर व्यक्ति की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और सभी से सावधानी बरतने व प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की।

## जल जमाव और कीचड़ से परेशान होकर ग्रामीणों ने मुख्य पथ पर धान की रोपाई कर आक्रोश व्यक्त किया



मझिआंव (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के मुख्य पथ पर यूपीजी +2 हाई स्कूल के पास जल जमाव से परेशान होकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है, जहां दर्जनों महिला पुरुष सड़क पर उतरकर कीचड़ युक्त जल जमाव वाले मुख्य सड़क पर ही धान की रोपनी शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में जल जमाव हो जाता है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। इधर इस संबंध में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पुष्प रंजन ने बताया कि यह मुख्य सड़क होने के कारण अति व्यस्त सड़क है। इधर सड़क की दुर्दशाग्रस्त स्थिति को देखते हुए मुख्य सड़क पर महिला एवं पुरुषों ने धान रोपाई करते चंपा देवी, मानमती देवी, वींदा देवी, लक्ष्मी देवी, पनपत्ति देवी, रामदेव विश्वकर्मा, अजीत, सुरेंद्र, पिंटू सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## 'शहीदों के नाम एक वृक्ष' कार्यक्रम का आयोजन



हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को ओपी परिसर में 'शहीदों के नाम एक वृक्ष' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण करते हुए ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी ने कहा कि यह ओपन विचार कार्यक्रम शहीदों की याद में समर्पित है। उन्होंने बताया कि परिसर में कई फलदार वृक्ष लगाए गए हैं, जो न सिर्फ पर्यावरण को संजीवनी देंगे, बल्कि शहीदों की स्मृति को भी जीवंत बनाए रखेंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में एस आई वीरेंद्र चौड़े एएसआई ललन कुमार एएसआई शंकरानंद सारस, हवलदार शिवलाल, आरक्षी पप्पू कुमार, आलोक कुमार जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एमके इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। एमके इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत स्कूल परिसर में 20 पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उक्त अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ने बताया कि इको क्लब की गतिविधियां छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यक्ष डॉ अभिमन्यु कुमार सिंह, निदेशक मनीष कुमार सिंह ,प्रिंसिपल डॉक्टर राय रोज, मैनेजर रविंद्र शर्मा, संदीप सिंह प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह, सौरभ यादव, मैडम अदृश्या, रेणुका सिंह तथा सभी शिक्षकों की उपस्थिति थे।

## उमवि मंझिगावां पूर्व का कांडी बीडीओ ने किया निरीक्षण



कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझिगावां पूर्व का निरीक्षण बुधवार की सुबह 9:30 बजे किया गया। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक माहौल, शिक्षकों की उपस्थिति और बच्चों की संख्या की गहन समीक्षा की गयी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है। उन्होंने शैक्षिक वातावरण बनाए रखने और अनुशासन में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि सैकड़ों बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है, ऐसे में सभी को जवाबदेह बनने की जरूरत है। प्रभारी प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह को निर्देश दिया गया कि वे सभी शिक्षकों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें और सुनिश्चित करें कि शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

## धुरकी पुलिस ने दो वारंटियों को भेजा जेल

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी पुलिस ने बीते रात्रि दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। दोनों वारंटी का नाम विनोद पासवान पिता स्वर्गीय मुंद्रिका पासवान ग्राम रक्सी और लालचंद यादव पिता स्वर्गीय नाका यादव ग्राम धोबानी दोनों थाना धुरकी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था, जिसके आलोक में थाना प्रभारी जनार्दन राउत के द्वारा टीम गठित कर छापामारी की गयी। जिस क्रम में दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे अपराधी या वारंटी अविलंब करें आत्मसमर्पण वरना होगी गिरफ्तारी।

# गढ़वा में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार का पुतला फूंका

### अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस क्लिनिक रखे जाने का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। हेमंत सरकार ने कैबिनेट बैठक के दौरान अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस क्लिनिक रखे जाने के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार का पुतला फुंका। जिसका गढ़वा सहित पूरे झारखंड में जोरदार विरोध किया जा रहा है। पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने किया।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड अटल बिहारी वाजपेयी का देन है। झामुमो सरकार अटल क्लिनिक का नाम बदलना तुष्टिकरण मानसिकता को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा एडवांस नाम किस उद्देश्य से रखा गया झारखंड की जनता में काफी आक्रोश है। गढ़वा विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने कहा कि झामुमो सरकार ने महापुरुष का अपमान किया है भारत रत्न पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड के जनक थे। अटल क्लिनिक का नाम बदलने पर जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को बनाने संवारने का काम है वैसे महापुरुष के सम्मान में अटल क्लिनिक नाम दिया गया था, जिसे हेमंत सरकार ने मदर टेरेसा एडवांस क्लिनिक नाम रख कर कलंकित करने का काम किया है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने कहा कि झामुमो सरकार नाम बदलकर अपनी निम्न मानसिकता को उजागर कर रही है अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंडवासियों को उनका हक अधिकार देने का काम किया था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता मुरली श्याम सोनी भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय ठाकुर मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, विनोद चंद्रवंशी, उमेश कश्यप, बिनय चौबे, खुर्शीद आलम, सुरेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीपी डीएवी में नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल चेस और योगा प्रतियोगिता संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया में चल रही डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल चेस एवं योगा की प्रतियोगिताएं शनिवार को संपन्न हुईं। यह आयोजन क्लस्टर लेवल का था, जो बीपीडीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा में 25 और 26 जुलाई 2025 को हुआ।

**प्रतिभागियों की संख्या और वर्ग**

इस प्रतियोगिता में डीएवी हेहल, डीएवी सिमडेगा, डीएवी गुमला, डीएवी लातेहार, डीएवी लोहरदगा, डीएवी डालटेनगंज, डीएवी सिल्ली, डीएवी खलारी और डीएवी गढ़वा सहित कुल दस टीमों के लगभग 350 प्रतिभागी अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालिका एवं बालक वर्ग में शामिल हुए थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि मैं आप सबके लिए ये कामना करता हूं कि आप राज्य में भी जीतें और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने जाएं, जिससे कि आप अपने विद्यालय, अपने माता-पिता और समाज को गर्वान्वित महसूस करा सकें।

इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने सर्व प्रथम मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा जी को मुख्य अतिथि के रूप में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व 25 जुलाई को इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपयुक्त दिनेश कुमार यादव के द्वारा किया गया था। मौके पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक अलख नाथ पांडेय, संजय सोनी, निदेशक, बीएसकेडी पब्लिक स्कूल, मदन प्रसाद केशरी, निदेशक, जीएन कॉन्वेंट स्कूल, और डॉ पतंझलि केशरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट: भवनाथपुर अंडर-14 और हेहल रांची अंडर-19 क्रिकेट वर्ग में विजयी



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में आयोजित तीन दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025 क्लस्टर लेवल टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों का आयोजन हुआ। अंडर-14 बालक वर्ग के क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच में डीएवी भवनाथपुर ने डीएवी हेहल को आठ विकेट से पराजित कर विजेता बनी। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में हेहल रांची ने सिमडेगा को 62 रनों से हराकर विजेता बनी। मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार डीएवी भवनाथपुर के अर्णव कुमार सिंह जबकि हेहल रांची के रिशु पांडेय को दिया गया। खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने हेतु भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से यदि खिलाड़ी अभ्यास करें, तो भविष्य में झारखंड से एक और महेंद्र सिंह धौनी जैसा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकल सकता है। इस मौके पर ओपी सिंह, अरुण कुमार सिंह, संजय राय भट्ट, जेके तिवारी, शौकत अली, अनिल द्विवेदी, प्रवीण पांडेय सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## बकरी चराने गयी युवती के साथ मारपीट, हाथ टूटा



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जनेवा गांव में बकरी चराने को लेकर एक 20 वर्षीय युवती के साथ निर्ममता से मारपीट की गयी। घटना में युवती का बायां हाथ टूट गया है। परिजनों ने गांव के ही चार से पांच लोगों पर डंडा, लाठी से पीट-पीट,कर घायल करने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रीता कुमारी, पिता रामस्वरूप सिंह, रोज की तरह गांव के समीप बकरी चरा रही थी। इसी दौरान फसल में बकरी घुसने को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते सहदेव सिंह, मनरूप सिंह, बालरूप सिंह, टीपू सिंह और अरुण राम ने मिलकर रीता कुमारी पर डंडे और लाठी से हमला कर दिया और उसे जमीन पर पटक-पटक कर मारा। इस हमले में रीता गंभीर रूप से घायल हो गयी और उसका बायां हाथ टूट गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल अवस्था में उसे भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पीड़िता द्वारा भंडरिया थाना को लिखित आवेदन दी गयी है, थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा ने बताया कि पीड़िता द्वारा मारपीट की घटना की आवेदन दी गयी है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में इको क्लब का हुआ गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव, गढ़वा में ईको क्लब का गठन किया गया। इस क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने तथा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने एवं उसकी सुरक्षा करने तथा विद्यालय प्रांगण को हरा भरा बनाने में उनका योगदान सुनिश्चित करना है इस क्लब के सदस्य हैं अरुण कुमार यादव, पलक सिंह, अविनाश कुमार गुप्ता, शगुन विश्वकर्मा, सुमित कुमार, अनन्या वर्मा, केतन सिंह, जिया पांडे, कुमारी श्रेयांशी, प्रिंस शर्मा, असज्द अली हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य केआर झा ने इको क्लब के चयनित सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक कराया, जिससे वह ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें, उन्हें सुरक्षित करें तथा दूसरे को भी प्रेरित करें। इसका उद्देश्य सरकारी योजना - 'एक पेड़ मां के नाम' को सफल बनाना है। इस क्लब के संरक्षक विद्यालय के प्राचार्य केआर झा, अध्यक्ष नोडल शिक्षक राकेश कुमार प्रजापति और सचिव बाल संसद के पर्यावरण मंत्री कक्षा 10 ए के अरुण कुमार यादव हैं। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आर के पब्लिक स्कूल में शनिवार को कारगिल विजय दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके अदम्य साहस व बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि हर साल 26 जुलाई को भारत कारगिल विजय दिवस मनाता है। चारों हाउस के प्रतिभागियों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए निदेशक ने कहा कि हमारा स्कूल शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। इस अवसर पर अनुप कुमार पांडेय, अनिता सिन्हा, देवेंद्र सिंह, नंदलाल गुप्ता, संजय कुमार, गीता पांडेय, अभिलाषा तिवारी, जागृति चौबे, श्वेता समेत अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के टंडवा नारायणपूर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आज द्वितीय आवधिक मूल्यांकन PA-II का परिणाम घोषित किया गया। इसके तहत शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। सभी अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए विद्यालय की प्रशंसा की। परिणाम घोषित होने के बाद कई अभिभावकों ने प्रधानाचार्य भाष्कर बाला चंदरुडू से भी मिले। प्रधानाचार्य ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इतना अच्छा परिणाम आप के पूर्ण सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि हम और हमारा विद्यालय परिवार बच्चों के सर्वांगिण के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा विद्यालय गढ़वा का एकमात्र विद्यालय है जो सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है। निरंतर हम इसे विकसीत करने में लगे हैं। हमारा विद्यालय बच्चों के बौद्धिक शारिरिक, मानसिक एवं क्षमता को बढ़ाने के लिए अग्रसर रहा है। मुझे विश्वास है कि यह विद्यालय गढ़वा वासियों के लिए एक वरदान साबित होगा। इस अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में विद्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# जेपीएससी में तेजस्वी ने पायी सफलता, श्री बंशीधर नगर में खुशी की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता




श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2023 के घोषित परिणाम में गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर के होनहार तेजस्वी कुमार जायसवाल ने राज्य में 23वीं रैंक हासिल कर न सिर्फ जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा की नयी मिसाल कायम की है। तेजस्वी जायसवाल वीरेंद्र प्रसाद जायसवाल के बड़े पुत्र हैं। उनका यह सफर साधारण शुरूआत से असाधारण मुकाम तक पहुंचने की गाथा है। तेजस्वी की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती ज्ञान मंदिर और मिडिल स्कूल नगर ऊंटारी से हुई। उन्होंने हाई स्कूल नगर ऊंटारी से मैट्रिक परीक्षा में 75% अंक प्राप्त किए और यहीं से इंटर की पढ़ाई भी पूरी की। इसके बाद उन्होंने रांची से डिप्लोमा इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग किया और फिर बीआईटी सिंदरी, धनबाद से बीटेक की डिग्री हासिल की।

**नेवी से मिली प्रेरणा, यूपीएससी से शुरू हुआ सफर :** तेजस्वी जायसवाल बताते हैं कि उनके छोटे भाई पृथ्वीराज जायसवाल का 2018 में इंडियन नेवी में चयन हुआ, जिससे उन्हें गहरी प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी शुरू की, लेकिन बाद में पूरी लगन से जेपीएससी की ओर ध्यान केंद्रित किया।

हालांकि पहली बार में उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ दूसरी बार में उन्होंने राज्य स्तर पर 23वां स्थान हासिल कर लिया। तेजस्वी जायसवाल ने बताया कि वे प्रतिदिन 6 से 8 घंटे पढ़ाई करते थे।

**सिस्टम की खामियों ने बढ़ाई बदलाव की आग :** पत्रकारों के एक सवाल पर जवाब में तेजस्वी ने कहा कि जब वे अपने किसी कार्य के लिए ब्लॉक कार्यालय जाते थे, तो उन्हें बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। गरीब और असहाय लोगों को दर-दर भटकते देखकर उनके मन में सवाल उठता था–'क्या प्रशासन में संवेदना की कोई जगह नहीं?' इसी सवाल ने उन्हें प्रशासनिक सेवा में आने की प्रेरणा दी और आज वे उस मुकाम पर हैं। तेजस्वी ने कहा, संघर्ष से घबराइए मत, वो आपको आगे बढ़ने की ताकत देता है। मेहनत करें, लगातार करें–सपने जरूर पूरे होंगे।

**जिले भर में खुशी की लहर, घर पर लगा बधाइयों का तांता :** तेजस्वी की सफलता की खबर फैलते ही श्री बंशीधर नगर में खुशी की लहर दौड़ गयी। दोस्त, रिश्तेदार और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उनके घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं।

## साकेत ने जेपीएससी परीक्षा में मिला 124वां रैंक



साकेत तिवारी।

बरडीहा (आजाद सिपाही)। बरडीहा प्रखंड अंतर्गत कुंद्रा गांव निवासी साकेत तिवारी को जेपीएससी की प्रतियोगिता में 124वां रैंक प्राप्त हुआ है। उन्हें झारखंड सेवा क्लास दो के अधिकारी के रूप में चयनित किया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर साकेत कुमार तिवारी ने कहा कि वह सिविल सेवा की तैयारी अपने खुद की ज्ञान से किया तथा उन्होंने दूसरे परीक्षार्थियों के लिए भी यह कहा कि आपके ज्ञान के साथ आपके घर और गंभीरता का भी परीक्षण है। उन्होंने कोचिंग और विज्ञापनों के पीछे भागने से सख्त मना किया। उनका मानना है कि सफलता आप तभी प्राप्त करेंगे, जब स्वतंत्र पढ़ेंगे। उन्होंने तैयारी करने वाले बच्चों को कहा कि आज के समय में सारे ठीक आसानी से उपलब्ध है। इंटरनेट का भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने पैटर्न को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई जारी रखने को कहा।

## कांडी के दो युवकों की जेपीएससी में सफलता पर पूरे प्रखंड में खुशी



कांडी सचिन कुमार।

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में जेपीएससी की परीक्षा में कांडी के दो होनहार युवकों ने परचम लहराया है। प्रखंड के सुंडीपुर निवासी राहुल सिंह ने 133 वीं रैंक प्राप्त की है, जबकि प्रखंड अंतर्गत अधौरा गांव निवासी मानदेव राम के छोटे पुत्र सचिन कुमार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (जेपीएससी) परीक्षा में 164वां रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है। सचिन तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। उनके बड़े भाई मृत्युंजय कुमार ने वर्ष 2015 में यूपीएससी परीक्षा पास की थी और वर्तमान में चेन्नई में पदस्थापित हैं। सचिन की एक बहन भी है, जिसकी शादी हो चुकी है। सचिन के पिता मानदेव राम सीसीएल खलारी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे और अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि सचिन शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा खलारी में हुई, 2010 में मैट्रिक, डीएवी रांची से इंटरमीडिएट और 2015 में रांची कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में सचिन कुमार हरिहरगंज, पलामू में राजस्व निरीक्षक (रेवेन्यू इंस्पेक्टर) के पद पर कार्यरत हैं। उनके इस उपलब्धि पर परिवारवाले खलारी में रहते हुए बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सचिन की सफलता पर शिवपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नंद कुमार राम, शिक्षक राम लखन राम, पूर्व मुखिया जय किशुन राम, मोती राम सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग

जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए क्या करें।

- हाथी के आने की सूचना निकटवर्ती वन कर्मचारियों को तुरंत दें।
- हाथी द्वारा कान खड़े कर, सूँढ़ उपर उठाकर आवाज देना इस बात का संकेत है कि वह आप पर हमला करने जा रहा है। अतः तत्काल सुरक्षित स्थान पर चले जायें ।
- अगर हाथी रात में या दिन में गांव में आ जाता है तो मशाल के साथ कम से कम दस लोग एक साथ मिलकर ढोल या टीना पीटकर हाथी भगाने का प्रयास करें। इस प्रक्रिया मे भी हाथी के बहुत नजदीक न जायें। हाथी प्रभावित क्षेत्रों के गांवों में रात्रि में दल बनाकर मशाल के साथ पहरा दें।
- अगर मचान बनाकर खेत की रखवाली करनी हो, तो मचान उंचा बनावें, विशेषकर उसे ऊँचे, मजबूत पेड़ के उपर बनाये और उसके नीचे जमीन पर लकड़ी से आग जलाये रखें।
- हाथी से यदि सामना हो जाये तो तुरंत उसके लिए रास्ता छोड़ें। पहाड़ी क्षेत्रों में सामना होने की स्थिति में पहाड़ी के ढलान की ओर दौड़ें, उपर की ओर नहीं। सीधे न दौड़कर आड़े–तिरछे दौड़े। कुछ दूर दौड़ने पर गमछा, पगडी, टोपी अथवा कोई वस्त्र फेंक दें ताकि कुछ समय तक हाथी उसमें उलझा रहे और आपको सुरक्षित स्थान में पहुंचने का मौका मिल जाए।
- हाथियों में सुंघने की शक्ति अत्यधिक प्रबल होती है। अतः हाथी को भगाने के क्रम में हवा की दिशा का ध्यान रखें।
- गर्भवती हथिनी अथवा नवजात शिशु के साथ होने पर हथिनी या उसके झूण्ड को भगाने का प्रयास न करें। उसे थोड़ा समय दें।
- घर एवं खलिहान के चारों ओर गोईठा, लकड़ी आदि का अलाव जलाकर उसमें लाल मिर्च जलायें। मिर्च की गंध से हाथी निकट नहीं आएगा।

जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए क्या न करें।

- हाथियों को छेड़े नहीं, विशेष कर उनपर पत्थर, तीर, जलता हुआ टायर आदि फेंककर प्रहार न करें। जख्मी होने पर हाथी उग्र रूप धारण कर जन और धन को क्षति पहुंचा सकते हैं।
- हाथी जिस जंगल में हों उस क्षेत्र में चारा, जलावन एकत्र करने नहीं जाएं।
- हाथियों को अनाज अथवा अन्य कोई खाद्य सामग्री न दें, क्योंकि इससे उनकी खाद्य सामग्री के प्रति रूचि बढ़ेगी एवं इस कारण वे मकानों को तोड़कर खाद्य सामग्री प्राप्त करने का प्रयास कर सकते हैं।
- हाथी के चारों ओर कौतूहलवश भीड न लगायें। हाथियों की चलने/दौडने की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। अतः हाथी से कम से कम 300 गज की दूरी बनायें रखें। बच्चों, स्त्रियों एवं वृद्धों को कभी भी हाथी के समक्ष नहीं जाने दें।
- हाथी को देखकर पूजा या प्रणाम करने के उद्देश्य से भी उनके पास नहीं जायें। हाथियों के भगाने के क्रम में श्वेत वस्त्र या लाल वस्त्र का प्रयोग नहीं करना चाहिए। यह रंग उन्हें चिड़चिड़ा बनाता है।
- क्षेत्र में जबतक हाथी रहें, तबतक हड़िया या देशी शराब नहीं बनायें। इनका भंडारण भी न करें । हाथी शराब की ओर आकर्षित होते हैं आर प्राप्त करने के उद्देश्य से वे घरों को क्षति पहुंचाते हैं।
- हाथी प्रभावित क्षेत्र में जिस कमरे में अनाज का भंडारण हो उसमें न सोयें।

निवेदक :
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमंडल

PR 358257 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D

## विस्थापित नेता बिगन भोगता ने काउंसिल की सदस्यता ग्रहण की



खलारी (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के नेतृत्व में कई सदस्यों के साथ काउंसिल की सदस्यता ग्रहण की। ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी इंप्लाइज कोर्डिनेशन काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष बृजकिशोर राम ने बिगन सिंह भोगता का माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं एरिया के पदाधिकारियों ने भी काउंसिल में सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में रामलखन गंझू, अमृत भोगता,विनय खलखो, नरेश गंझू, दामोदर गंझू, शिवनारायण लोहरा सहित अन्य सदस्यों का बुके एव माला पहनाकर स्वागत किया। बृजकिशोर राम ने कहा कि विस्थापित नेता बिगन भोगता सहित उनके साथियों के काउंसिल में शामिल होने से अब क्षेत्र में और काउंसिल संगठन काफी मजबूत होगा। इस मौके पर प्रदेश संगठन सचिव रमेशर भोगता, एरिया अध्यक्ष दिलीप गंझू, एरिया सचिव दिलीप पासवान, कार्तिक सतनामी, थेरे मांझी जगरनाथ महतो, जगरनाथ गंझू, नान्हू गंझु सहित कई लोग मौजूद थे।

## बिरसा कॉलेज में सुविधाओं की मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खूंटी इकाई ने शनिवार को कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, कक्षा कक्ष एवं स्वच्छता व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की गई है। जिला संयोजक पवन कुमार ने बताया कि बिरसा कॉलेज, खूंटी में हजारों छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन उन्हें बुनियादी सुविधाओं के अभाव में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। परिषद द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र में स्वच्छ पेयजल के लिए वाटर कूलर फिल्टर की व्यवस्था, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था, पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या बढ़ाने और पठन-पाठन कक्षों को सुदृढ़ करने की मांग की गयी है। विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गयी, तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इस अवसर पर एबीवीपी के रांची विभाग संयोजक प्रकाश टूटी, नगर मंत्री अशोक टूटी, सुखराम, करुणा, अनमोल सहित अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भारी बारिश से फसलें बर्बाद, नदी और जल प्रपात रौद्र रूप में



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले में लगातार हो रही बारिश ने कृषि के साथ ही आम जन जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। मुसलाधार बारिश से नदी तालाब, कुएं और खेत खलिहान तक लबालब भर गये हैं। खूंटी के पेरवांघाघ, सप्तधारा, उलूंग, पांडूपुड़िंग, पंचघाघ सहित अन्य जल प्रपात अपने रौद्र रूप में आ गये है। प्रशासन ने जिले के सभी पर्यटन स्थलों में जाने पर रोक लगा दी है। भारी बारिश के कारण खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पेलौल कें पास कनई नदी और डोड़मा-सिसई नोड पर छाता नदी पर बने डावर्सन वह गये। जिले में अन्य कई पुल-पुलिया के भी क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। जिले की कारो नदी, छाता, तजना सहित अन्य नदियां उफान पर हैं। भारी बारिश से बह गये खेतो के बिचड़े भारी बारिश ने खरीफ फसल को लगभग बर्बाद कर दिया है। खेतों पर लगाये गये धान कें बिचड़े पानी में बह गये।

## कोल वाहन की चपेट में आने से मवेशी की मौत

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी शिव मन्दिर के समीप शनिवार की सुबह तेज रफ्तार कोल वाहन की चपेट मे आने से एक मवेशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर सैकड़ो की संख्या में लोगों की भीड़ वहां जमा हो गयी। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम होने के बाद सड़क के दोनो ओर कोल वाहनो की लंबी कतार लग गयी। उक्त मवेशी बिलारी गावं निवासी नरेश महतो का बताया गया है। इधर सड़क जाम की सूचना पाकर स्थानीय पिपरवार पुलिस और ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता किया और समझा बूझाकर ग्रामीणों को शांत कराया, इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा सड़क जाम को हटाया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में अंतरसदनीय प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को अंतरसदनीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तृतीय से पांच तक के बच्चों के लिए देशभक्ति शीर्षक पर हिंदी और अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता और कक्षा छः से अष्टम तक के बच्चो के लिए देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक एके लाल ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में छिपी प्रतिभा उजागर होती है। भाषण प्रतियोगिता में वरेण्यम मुखर्जी प्रथम, भाविक कुमार द्वितीय और अदिति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में अन्विका गर्ग प्रथम,हर्षिता राज द्वितीय और जयश्री तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## मासिक लोक अदालत में 26 मामलों का निष्पादन, 21 लाख रुपये का सेटलमेंट

खूंटी (आजाद सिपाही)। नालसा दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशन पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। डालसा के प्रभारी सचिव अर्जुन साव ने बताया कि लोक अदालत में चार बैंचो के माध्यम से न्यायालय में लंबित 26 मामलों का निष्पादन किया गया तथा 21,02,540 रु का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर प्रथम बैंच में जिला जज प्रथम राकेश कुमार मिश्रा, पैनल अधिवक्ता जुनूल होरो, ममता सिंह, द्वितीय बैंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साव, पैनल अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक एवं कविता कुमारी, तृतीय बैंच में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम अमित आकाश, पैनल अधिवक्ता आशीष कुमार एवं सुमित कुमार कश्यप और चतुर्थ बैंच स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह एवं पीएलवी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त से दिन में आवागमन चालू कराने की मांग, रात को बह गया डायवर्सन

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर पेलौल गांव के पास बनई नदी पर अस्थायी डायवर्सन शुक्रवार की रात हुई मूसलाधार बारिश में बह गया। ज्ञात हो कि बाबा आम्रेश्वर धमत प्रबंध समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपायुक्त से मिलकर उक्त अस्थायी डायवर्सन पर आवागमन चालू करने की मांग की थी और रात को डायवर्सन भारी बारिश में बह गया। इसके कारण सावन महीने में भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए बाबा आम्रेश्वर धाम आनेवाले श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ गयी। अस्थायी डायवर्सन के बनने से श्रद्धालु पैदल या दो पहिया वाहन से अंगराबारी पहुंचते थे, लेकिन अब वह भी बंद हो गया। ज्ञात हो कि 19 जून को हुई भारी बारिश कें कारण बनई नदी का पुल ध्वस्त हो गया था। वहां पर डायवर्सन बनाने के लिए एक करोड़ 80 लाख, 42 हजार 800 रुपये की निविदा प्रकाशित की गयी, लेकिन अभी तक कार्यकारी एजेंसी की नियुक्ति नहीं हुई। सावन महीने कों देखते हुए खूंटी के संवेदक शिव कुमार साहू ने वहां अस्थायी डायवर्सन का निर्माण करा दिया। बिना कार्य आवंटित हुए खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने डायवर्सन का शिलान्यास कर दिया था। डायवर्सन में आवागमन पर प्रशासन ने रोक लगा दी थी। लोग पैदल वहां से पार होते थे। छोटी गाड़ियों और दो पहिया वाहनों के आवागमन की मांग को लेकर शुक्रवार को ही प्रबंध समिति के प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त आर रॉनिटा से मुलाकात की थी, लेकिन रात को ही डायवर्सन बह गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि डायवर्सन के निर्माण में काम से अधिक राजनीति हो रही है। बिना पूरी टेंडर प्रक्रिया के ही विधायक द्वारा शिलान्यास किये जाने को लेकर भी सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये जा रहे हैं।

# ईचागढ़ की निशा गोप जेपीएससी में हुई सफल, क्षेत्र में खुशी की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता



ईचागढ़। ईचागढ़ प्रखंड के पूर्ण विस्थापित गांव मैसाड़ा की बेटी निशा गोप ने झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निशा को 186वीं रैंक प्राप्त हुई है और उनका चयन झारखंड प्रोबेशन सर्विस के लिए हुआ है। निशा के पिता नारायण गोप सुवर्णरेखा परियोजना के कर्मी थे,जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। निशा वर्तमान में चांडिल प्रखंड के काटीया पुनर्वास में रहती है। निशा रांची से परीक्षा की तैयारी कर रही थीं। मिली जानकारी के अनुसार इससे पहले निशा गोप दो बार युपीएससी की मुख्य परीक्षा भी दी थी, लेकिन अंतिम चयन नहीं हो सका था। बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और जेपीएससी परीक्षा में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की। साधारण और विस्थापित पारिवारिक में जन्मे निशा की सफलता ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प, इच्छा शक्ति, मेहनत से कोई भी सपना पुरा किया जा सकता है। उनकी सफलता से मैंसड़ा सहित ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने इसे पूरे इलाके के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। वहीं बीडीओ एकता वर्मा ने बताया कि निशा गोप जेपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण होना क्षेत्र के लिए गर्व कि बात है और उन्हें प्रखंड कार्यालय में सम्मानित भी किया जायेगा।

## अज्ञात वाहन के धक्के से व्यक्ति की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर रनिया थाना क्षेत्र के उर्मी मोड़ के पास शुक्रवार के देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तुरीगढ़ा महुआटोली गांव निवासी समाकर टोपनो (40 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही रनिया थाना की पुलिस देर रात घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार समाकर का दाहिना हाथ कटकर अलग हो गया था और उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि दो महीने पूर्व उसने अपनी पत्नी की टांगी से वार कर हत्या कर दी थी। उस मामले में वह जेल गया था।

# हरहू गांव में हाथियों का उत्पात दूसरे दिन भी जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

मैकलुस्कीगंज। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मायापुर पंचायत अंतर्गत हरहु गांव में हाथियों का उत्पात लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार देर रात करीब 25 हाथियों के झुंड ने हरहु गांव में धावा बोलते हुए अरविंद टोप्पो, अजीत टोप्पो और जॉर्ज टोप्पो के घरों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। अजीत टोप्पो के घर को तो हाथियों ने चारों ओर से घेर लिया था। ग्रामीणों की तत्परता से उन्हें खदेड़ा गया, लेकिन जाते-जाते हाथियों ने न सिर्फ घरों में घुसकर राशन चावल, दाल आदि को बर्बाद कर दिया बल्कि जाते जाते खेतों में लगी धान और सब्जियों की फसल को भी रौंद डाला। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक सुरेश कुमार बैठा ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राहत कार्यों के निर्देश दिए। विधायक के निर्देश पर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल हरहु पहुंचा और पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री जैसे खाद्यान्न, कंबल आदि वितरित की। प्रतिनिधिमंडल में प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, मुखिया पुष्पा खलखो, गीता देवी, गुड़िया देवी, लीला टोप्पो, नीलम देवी, संगीता देवी, सलामत अंसारी सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता शामिल थे।

ग्रामीणों ने बताया कि लगातार दो दिनों तक हो रही इस गंभीर वन्यजीव घटना के बावजूद विभागीय उदासीनता से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। शुक्रवार रात जब रेंजर सुरेंद्र सिंह से मोबाइल पर सूचना दी गयी तभी विभाग हरकत में आया और रात में टीम पहुंची। फिलहाल हाथियों का झुंड नजदीकी जंगल में डेरा डाले हुए है।

## बारुडीह और हेसाहातू गांव में हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत अंतर्गत बारूडीह गांव में शुक्रवार रात 30-35 की संख्या में हाथियों के झुंड ने पूरे गांव में उत्पात मचाया है। जंगली हाथियों का झुंड ने मगरू महतो का घर को ध्वस्त किया। हाथियों के झुंड ने गांव के महेश महतो का गुमटी नुमा दुकान को उलट पलट कर नष्ट कर दिया है। इसका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पंचायत के मुखिया श्याम सिंह मुंडा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। इधर सोनाहातू प्रखंड जामुदाग पंचायत के हेसाहातू गांव के किसान गोपाल प्रसाद यादव, सुनील मेहता, रवि मेहता, शिव मेहता, सुखदेव अहीर, मुचीराम अहीर, विद्याधर पांडेय, हरिकृष्ण यादव, के खेत में लगे सब्जी ओर धान बिचड़ा को रौंद दिया है।जाते जाते छाया देवी का मिट्टी के घर को ध्वस्त कर दिया है। क्षति की सूचना पर पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू गांव जाकर पीड़ित किसानों से मुलाकात कर वन विभाग से मुआवजा देने की मांग किया है।

# शहीदों की कुर्बानी को सम्मान देना धर्म : क्रिस्टोफर केरकेट्टा



शहीद वाल्टर गुड़िया मेनोरियल तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। युवा फुटबॉल खेल समिति तोरपा कें तत्वावधान में आयोजित शहीद वाल्टर गुड़िया मेनोरियल तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट शनिवार को तोरपा स्थित संत जोसेफ हाई स्कूल मैदान में शुरू हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने किया। उद्घाटन मैच के पूर्व उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर एएसपी केर-केट्टा ने कहा कि शहीदों को सम्मान देना और उनके बलिदान को याद करना हमारा धर्म और कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शहीद वाल्टर गुड़िया ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण की आहुति दे दी। उनकी कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आज कारगिल विजय दिवस भी है। आज उन सभी शहीदों को याद करने का दिन है, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने को कुर्बान कर दिया।

उन्होंने खिलाड़ियों से मेहनत व ईमानदारी औ खेल भावना से खेलने को कहा। उद्घाटन मैच नाइन बुलेट कवाली तथा टेंगो चार्ली टीम के बीच खेला गया, जिसमें नाइन बुलेट की टीम ने टेंगो चार्ली को 3-0 के अंतर से हराया। इस अवसर पर शहीद वाल्टर गुड़िया की पत्नी राहिल गुड़िया, पुत्र विश गुड़िया सहित तपकारा थाना प्रभारी नितेश कुमार गुप्ता, जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, प्रमुख रोहित सुरीन, उपप्रमुख संतोष कर, मुखिया जॉन तोपनो, दीपक तिग्गा, उमेश नाग, भूषण, संजय आदि उपस्थित थे।

## उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया




खलारी (आजाद सिपाही)। उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में शनिवार को कारगिल विजय दिवस बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। विजय दिवस से जुड़े कार्यक्रम में स्कूल के संत एंजेला हाउस के विद्यार्थियों ने देश के वीर जवानों की सम्मान में एक नाटक प्रस्तुत किया और उनकी बहादुरी को सलाम किया। वहीं उप-प्राचार्या सिस्टर नेली ने कहा कि हर भारतीयों के हृदय में देश के प्रति सम्मान होना चाहिए तथा इस देश की रक्षा करने वाले हमारे वीर फौजी जवानों के त्याग और बलिदान को नहीं भूलना चाहिए। इस कार्यक्रम में शिक्षक विशाल शर्मा, प्रभाकर शर्मा, सुनीता खलखो, नैना भारती कुजूर, अंबुज कर्मकार सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विजय कारगिल दिवस देश के लिए गौरव का क्षण: सकलदीप भगत



खूंटी (आजाद सिपाही)। श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में शनिवार को विजय कारगिल दिवस पर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि आज के दिन भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था। इस युद्ध के दौरान कई जवानों ने अपने प्राण की आहुति देकर इस गौरव के क्षण को पूरे देशवासियों को समर्पित किया था। मौके पर शिक्षिका रिया के साथ- साथ छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## मदगाढ़ा में नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की प्रखंड के हूंठ पंचायत के ग्राम मदगाढ़ा में विधायक विकास कुमार मुंडा के निर्देश पर नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया और सोसोकुटी पंचायत के ग्राम कीताडीह में वज्रपात से मृत्यु लखीमनी देवी की दशकर्म में आर्थिक सहायता विधायक द्वारा दिया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल भोला लाल, अजय कुमार नाग, संदीप लाल जगदीश मुंडा, बुधू मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, दीनबंधु हजाम आदि उपस्थित थे।।

## तेज बारिश से कई कच्चे मकान ध्वस्त



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रहे भारी बारिश से कई कच्चे मकान ध्वस्त हो गया। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के टीकर में मंगल कुमार गोराई का घर भारी बारिश से धंस गया। वहीं सितु में तरनी सेन दास एवं आषुतोष दास का घर पुरी तरह से ध्वस्त हो गया। टीकर में मंगल कुमार गोराई का घर ध्वस्त होने की सुचना पर झामुमो के पंचायत अध्यक्ष हाराधन घोष पीड़ित परिवार से मिले एवं विभाग से मुआवजा एवं आबुआ आवास देने का मांग किया है। वहीं घर में रखे बर्तन,चावल सहित कई समान भी नष्ट हो गया है। अत्यधिक रिकार्ड तोड़ बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। परिजनों ने तत्काल रहने का सुरक्षित व्यवस्था एवं आवास योजना का लाभ देने का मांग किया है।

## हाथियों से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति को जल्द से जल्द दिया जाये : जिप सदस्य



राहे (आजाद सिपाही)। राहे प्रखंड के लोवाहातु पंचायत के डूमरडीह गांव में हाथियों ने शुक्रवार को भरत अहीर के घर को क्षति पहुंचाया था। यह बात जैसे ही जिला परिषद सदस्य बादल महतो को पता चला, तो उन्होंने वन विभाग की टीम को लेकर उस जगह पर पहुंचे और उन लोगों के तकलीफ को देखते हुए तत्काल एक त्रिपाल का व्यवस्था कराया। उन्होंने वन विभाग की टीम से क्षतिपूर्ति जल्द से जल्द देने का आग्रह किया। वहीं वन विभाग की टीम ने भी कहा कि जितनी क्षति हुई है उसका मुआवजा बहुत जल्द दिया जायेगा। जिला परिषद सदस्य के साथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पशुपति अहीर, नारायण अहीर और गांव के लोग मौजूद रहे।

## बुंडू के ब्लॉक मोड़ में शोकसभा का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू के एदेलहातु गांव निवासी मुचीराम उरांव 45 वर्ष की शुक्रवार को मृत्यु हो गयी थी। उनकी याद में शनिवार को बुंडू के ब्लॉक मोड़ में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उसके चित्र पर पुष्प चढ़ा कर व दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया व दो मिनट का मौन रखा गया। मुची के अचानक मृत्यु से उनके करीबी तमाड़ के पुर्व विधायक व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर सहित उनके कार्यकर्ता शोकाकुल है। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार दासा बांध के निकट एदलहातु में किया गया। इस मौके पर राम दुर्लभ सिंह मुंडा, विनय सिंह मुंडा उर्फ बंटी मुंडा, रोशन महतो, धीरेन राम महतो, राकेश साहू, दीपक कुमार, संदीप मांझी, मनोज भगत, अजय कुमार, विशाल कुमार, अनूप कुंडू, कौशिक चक्रवर्ती, नीरज साहू, पुरंदर महतो, दुखी मछुआ आदि उपस्थित थे।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ को किया रवाना



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड परिसर में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद आदि ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य सरकार द्वारा बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के तहत बीमा करवाया जा रहा है। वही बीडीओ एकता वर्मा ने बताया कि किसानों का प्रीमियम का हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि किसान सिर्फ एक रुपये देकर प्रज्ञा केंद्र से अपनी फसल बीमा करा सकते हैं। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी किसानों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा किसान बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त करें। मौके पर बीसीओ राजकुमार रजक,बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के लालमोहन महतो, समाजसेवी भूषण मुर्मू, सुभाष दत्त, प्रज्ञा केंद्र संचालक सहित प्रखंड एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## संजीव कुमार मिश्रा बने सांसद प्रतिनिधि



संजीव मिश्रा को नियुक्ति पत्र सौंपते सांसद कालीचरण सिंह।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र टंडवा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पिपरवार मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता और पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा को सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनोनयन किया है। इस अवसर पर सांसद कालीचरण सिंह ने संजीव मिश्रा को अंगवस्त्र पहना कर और नियुक्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस संबंध मे सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि संजीव मिश्रा को क्षेत्र के चौमुखी विकास की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गयी है और उन्हें विश्वास है कि संजीव कुमार मिश्रा अपने अनुभव और प्रतिबद्धता के बल पर क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का काम करेंगे। बधाई देने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, बजिंदर कुमार, सुमन सौरभ सागर आर्य, रीना देवी, राजेश कुमार महतो सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

## दुर्घटना और प्राकृतिक आपदा से मृतक के आश्रितों को मिली मुआवजा राशि

# बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की दवाई, महिलाओं को सम्मान व युवाओं को रोजगार ही लक्ष्य : शिल्पी


विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण करती मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की।

**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा के आश्रितों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया। इस दौरान पर मंत्री ने 131 छात्राओं के बीच साइकल, 15 लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना का गृह प्रवेश के लिए, चाबी और सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के लाभुकों के बीच वस्त्र भी वितरित किया। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से साल 2023 से 2024 के बीच सड़क दुर्घटना, पानी में डूबने और सर्पदंश से हुई मौत का मुआवजा राशि का वितरण किया गया है। सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को एक लाख रुपए और पानी में डूबने एवं सर्पदंश के मृतकों के आश्रितों को 4 लाख रुपए राशि दी गई। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन मंत्रीमंडल में वो मंत्री है, पर मांडर के प्रति उनकी जवाबदेही पहले की तरह ही है। राज्य में गठबंधन वाली सरकार ने हर वर्ग हर समाज, हर तबके के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रखा है। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की दवाई, महिलाओं को सम्मान, युवाओं को रोजगार और क्षेत्र का विकास करना है। इस मौके पर सीओ चंचला कुमारी, प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, आबिद अंसारी, नसीम अंसारी और जमील आदि उपस्थित थे।

# झारखंड की गठबंधन सरकार शिक्षित बनाने के उद्देश्य से कर रही है काम: राजेश कच्छप

**उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत ओरमांझी में विधायक ने किया साइकिल का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने अंचल मैदान में आयोजित साइकिल वितरण समारोह में विभिन्न स्कूलों के 500 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित किया। इसमें 250 छात्र और 250 छात्राएं शामिल है। इसका उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों के आवागमन सुविधा को बेहतर करना है। यह कार्यक्रम 2025 में आयोजित किया गया, जो क्षेत्र में शिक्षा और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार बच्चों को शिक्षित बनाने के उद्देश्य से काम कर रहा है। इस मौके पर उप प्रमुख रिजवान अंसारी, विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो, श्रवण कुमार मुण्डा, प्रखण्ड अध्यक्ष तुलसी खरवार, विधायक प्रतिनिधि खनन विभाग मुबारक अंसारी, खाद्य आपूर्ति विभाग सफिउल्लाह अंसारी, शिक्षा विभाग गोपाल उरांव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिबू शाहू, शिवदास गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग उमा देवी, सलाहकार रमेश उरांव, पंसस रीना मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## डॉ मयंक मुरारी किये गये पुरस्कृत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सृजनात्मक लेखन और ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए शनिवार को झारखंड के चिंतक डॉ मयंक मुरारी को सम्मानित किया गया है। मीडिया की संस्था जुझारू के आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और साहित्यकार ऋता शुक्ल ने यह सम्मान दिया। इस अवसर पर डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि यह सम्मान बेहतर के लिए उत्प्रेरित करेगा। बताते चलें कि डां मयंक मुरारी एक विचारक और सक्रिय लेखक है। वह सामाजिक/व्यक्तिगत विकास के लिए लिखते और काम करते है। वे भारत के ज्ञान प्रणाली के आंतरिक मूल्य और अंतर्निहित पहलू पर सोचते है और चिंतन करते है। उन्होंने 30 सालों में अभी तक 18 किताबें और 700 से अधिक रिपोर्ट, भारतीय समाचार पत्र और पत्रिका में लिख चुके है। इन कार्यों के कारण उन्हें कई अवार्ड और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वे उषा मार्टिओन में महाप्रबंधक सीएसआर और से ल्पित है। वे हमारे समाज की सामूहिक जागरूकता के लिए विभिन्न मंचों से व्याख्यान भी दे चुके है।

# जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो का निधन अंतिम संस्कार में उमड़ी लोगों की भीड़

**लापुंग/सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की जिला परिषद सदस्य, अधिवक्ता एवं भाजपा नेत्री हिंदिया टोप्पो का शनिवार की सुबह रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह कैंसर से जुझ रहीं थीं। उसका अंतिम संस्कार क्षेत्र के लतरातु के श्मशान घाट में किया गया। इससे पहले हिंदीया टोप्पो का पार्थिक शव जैसे ही रिम्स अस्पताल से लापुंग के लतरातु पहुंचा। पूरे क्षेत्र से भारी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उमड़ पड़े। सभी ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, बीडीओ ऊषा मिंज, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, अनगड़ा जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, पूर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की आदि शामिल हुए। जिप सदस्य को उसके पति सुखदेव भगत ने मुखाग्नि दी। वे अपने पति सुखदेव उरांव और इकलौती बेटी प्रियंका को अपने पीछे छोड़ गईं। बतातें चलें कि हिंदीया टोपनो को ब्रेस्ट कैंसर था। एक बार पहले उनका आपरेशन हो चुका था। लेकिन बाद में इलाज में लापरवाही एवं सही अस्पताल में इलाज नहीं हो पाने के कारण मौत हो गयी। जिप सदस्य हिन्दीया टोप्पो अपने मिलनसार एवं हंसमुख स्वभाव के लिए प्रचलित थी। वे लोगों के सुख-दुख में भी शामिल होती थी। भ्रष्टाचार के विरोध खुलकर खड़ा हो जाती थी। इधर, जिप सदस्य के आसामायिक मौत पर भाजपा एसटी मोर्चा ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष बुधराम बेदिया, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया, अनगड़ा प जिला परिषद सदस्य अनूराधा मुण्डा आदि ने शोक प्रकट किआ है।



## पति के खिलाफ पत्नी ने मारपीट का मामला दर्ज कराया

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बीसा गांव की रहने वाली महिला एतवारी देवी ने गांव के हीं कुछ लोगों पर उसके पति करिया लोहरा के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को थाना में मामला दर्ज कराई है। घटना विगत 23 जुलाई की है। आरोप है कि गांव के हीं भाकु लोहरा, गणेश लोहरा, दिलीप लोहरा, विजय लोहरा, गुडुआ लोहरा, आशीर्वाद लोहरा एवं जगदेव लोहरा ने गांव से कुछ दूर सरईटोला के पास बेवजह उसके पति करिया लोहरा को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। उसे इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि बीच बचाव को आई पतोहु लखीमणि देवी के साथ भी मारपीट की गई।

## सड़क हादसे में घायल राशन डीलर ने तोड़ा दम



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सड़क हादसे में घायल बेड़ो के विनय बगीचा निवासी राशन डीलर चामा लोहरा (71) की मौत रिम्स अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही हो गई। इस घटना से स्वजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर मूर्ति घर पुल के समीप शुक्रवार की रात चामा लोहरा को पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी थी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बेड़ो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। पर बीच रास्ते में ही चामा लोहरा की मौत हो गई। शनिवार को उनके शव को लेकर स्वजन बेड़ो थाना पहुंचे। इलाज में लापरवाही बरतने एवं जमीन विवाद में दुर्घटना कराए जाने का आरोप लगाया। मृतक के पुत्र दीपक लोहरा ने कहा कि जमीन विवाद को लेकर दुर्घटना कराया गया है। उन्होंने बेड़ो थाना में लिखित आवेदन देकर जमीन विवाद में चल रहे लोगों पर समुचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, बेड़ो थाने में पति का शव देखकर पत्नी रुक्मणी देवी सहित अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। दीपक लोहरा ने बताया कि उनके पिता बेड़ो जहानाबाज के रहने वाले हैं। वर्तमान में बेड़ो विनय बगीचा के समीप रहते थे। वे जहानाबाज गांव के राशन डीलर थे। साथ ही राज मिस्त्री एवं घर पर रहकर खेती-बाड़ी करते थे। दीपक ने बताया कि वे तीन भाई व चार बहन है। जिनमें कर्मपाल लोहरा एवं मारवाड़ी लोहरा, बहन सरस्वती देवी, सरिता देवी, लक्ष्मी देवी और यशोदा देवी हैं। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, प्रो करमा उरांव, बुधराम लोहरा, सोमरा लोहरा व गौतम लोहरा समेत कई लोग बेड़ो थाने पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार बेड़ो स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वहीं, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस बाइक को जब्त कर थाने ले लायी है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

## डीएवी नीरजा सहाय में मना कारगिल विजय दिवस

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** नीरजा सहाय डीएवी प्रांगण में शनिवार को प्रातःकालीन सभा में कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए वीर नौजवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर आइटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट राजेंद्र अधिकारी एवं उनके पलटन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। प्राचार्या ने इन्हें पुष्प माला पहनाकर और शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्या ने कहा कि भारत की अखंडता और भारत राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए भारतीय सेना मुख्य व अतुलनीय भूमिका निभाती है। भारतीय सेना के शौर्य , अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा की बदौलत ही हर भारतीय की रक्षा और अधिकार सुरक्षित हैं। हमारी भारतीय सेना विश्व की उन सेनाओं में से एक है जिनके साहस और शौर्य के आगे विश्व के शक्तिशाली कहे जाने वाले देश नतमस्तक होते हैं । हम किसी न किसी रूप में ईमानदारी से कार्य कर देश की सेवा ही करते हैं।

## एनीमिया की रोकथाम के लिए जागरूकता सह स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन




**अनगडा (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन फाउंडेशन एवं शालिनी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को हेसल करमजारा गांव में एनीमिया प्रिवेंशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से किशोरियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था, जिसमें उनके स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ एनीमिया के प्रति जागरूकता किया गया। इस दौरान किशोरियों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। जिनमें खून की कमी पाई गई, उनके बीच आयरन युक्त दवाइयां एवं फोलिक एसिड की गोलियों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ भारती एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उन्हें संतुलित आहार, एनीमिया के कारण, इसके लक्षण, और रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। शालिनी अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने बताया कि यह कार्यक्रम किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना एवं एनीमिया जैसी गंभीर समस्या से बचाव के लिए सही मार्गदर्शन देना था। चिकित्सकों ने बताया कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार, जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, दूध, अंडा, दालें आदि, नियमित रूप से सेवन करने से एनीमिया की समस्या से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोरियों ने भाग लिया। कहा गया कि उषा मार्टिन फाउंडेशन एवं शालिनी अस्पताल की ओर से आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है, ताकि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को और अधिक फैलाया जा सके।मौके पर शालिनी अस्पताल के शिशिर कुमार भगत, मोहर महतो, संपूणानंद, पंकज, मोनित भूतकुमार, सुनीता कुजूर, निशा रानी बेक, संगीता बड़ाइक आदि उपस्थित थे।

# जमीन माफियाओं के इशारे पर हुई सुभाष मुंडा की हत्या : वृंदा करात

**सुभाष मुंडा की शहादत के दूसरे स्मृति दिवस पर माकपा ने संकल्प मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के दलादिली में शनिवार को हजारों लोगों ने अश्रुपूर्ण आंखों से शहीद सुभाष मुंडा चौक पर जुटकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए माकपा की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने कहा कि सुभाष मुंडा युवाओं के लिए रोक मॉडल थे। वे यहां के जमीन माफियाओं के आंखों की किरकरी बने हुए थे। उन्हीं लोगों के इशारे पर उनकी निर्मम हत्या की गई। लेकिन हैरत की बात है कि इस हत्याकांड के बाद जांच के लिए गठित एसआईटी इस हत्याकांड की गुत्थी आज तक नहीं सुलझा सकी। यही नहीं, पकड़े गए आरोपियों को ठोस साक्ष्य के अभाव में जमानत भी मिल गयी। एसआईटी का यह निष्कर्ष कि जिस एक एकड़ 19 डिसमिल जमीन के मुद्दे पर उनकी हत्या हुई। यही पूरा सच नहीं है, क्योंकि यह जमीन रैयत विष्णु मुंडा की है जिसे भू माफिया हड़पने का प्रयास कर रहे थे और सुभाष मुंडा उस जमीन के असली मालिक के पक्ष में माफियाओं को चुनौती दे रहे थे। हत्या के साजिशकर्ता ऊंची पहुंच वाले हैं। इसलिए इस संदेह को बल मिलता है की जांच कर रही टीम कहीं दवाब में तो नहीं है। इसलिए जल्द ही पार्टी का एक शिष्टमंडल राज्य के गृह सचिव से मिलकर इस हत्याकांड के साजिशकर्ताओं को सजा दिलाने के लिए हस्तक्षेप की मांग करेगा। वहीं, पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि इस हत्याकांड के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी हत्यारों को जल्द ही गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाए जाने का आश्वासन सुभाष मुंडा के परिजनों को दिया था। इसलिए मुख्यमंत्री जी भी को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। प्रमुख मदुआ कच्छप, शहीद की पत्नी कृति सिहं मुंडा, पिता एवं पूर्व मुखिया ललित मुंडा, माता छोटन देवी, रांची पूर्वी जिला कमेटी के सचिव प्रफुल्ल लिंडा, किसान नेता सुफल महतो, राष्ट्रीय सरना समिति के अजय तिर्की, जय गोविंद मुंडा आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## नेट में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिविल सोसायटी अनगड़ा के तत्वावधान में शनिवार को होटल राजधानी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नेट परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी सुनंदा महतो, वीरेंद्र कुमार महतो एवं इफ्फत आरा को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविद डॉ रिझू नायक, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेन्द्र महतो आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मौके पर सिविल सोसायटी के अध्यक्ष जलनाथ चौधरी, आतिश महतो, रोशनलाल मुंडा, रामसाय मुंडा, मनोज कुमार चौधरी, सिकंदर अंसारी, संजय नायक, रामपोदो महतो, राजू प्रमाणिक, पन्नालाल महतो, झब्बूलाल महतो, दिनेश कुमार, यूसुफ अंसारी, शिवलाल महतो, सुप्रेश महतो आदि थे।

## 'डॉन' के तहत नशा उन्मूलन पर जी एंड एच हाईस्कूल में डालसा ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश एवं न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शनिवार को जी एन्ड एच हाईस्कूल गेतलातू में छात्र-छात्राओं के लिए नालसा स्कीम 'डॉन' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ, राजेश कुमार सिन्हा, सीआईडी के रिजवान अंसारी, एनसीबी के आनन्द, जी.एन्ड एच. स्कूल के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, पीएलवी पी के उपाध्याय आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर अतुल गेरा ने बताया कि नशा हमारे देश को कैसे खोखला कर रहा है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते है, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों के द्वारा दिये जा रहे लालच में न आये। एलएडीसीएस डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा। एनसीबी के आनन्द सर ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। सीआईडी के रिजवान अंसारी ने मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के लिए उन्होंने छात्रों को बताया। अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि यदि रांची में नशे की समस्या पर नियंत्रण पाया जाए तो अपराध दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है। रांची में नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अधिकारियों को देने की सलाह दी गई।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

# देश के जवान जब सरहद पर जागते हैं, तभी देशवासी चैन की नींद सो पाते हैं: मनोज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** कारगिल विजय दिवस पर शनिवार की सुबह अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रांची की ओर से तिरंगा यात्रा सह भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरडीएस पब्लिक स्कूल से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका नेतृत्व परिषद के जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नारायण प्रसाद एवं एभरो के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने किया। तिरंगा यात्रा आरडीएस पब्लिक स्कूल से नामकुम बाजार के महाराणा प्रताप चौक, सदाबहार चौक, चाय बागान होते हुए वापस स्कूल परिसर पहुंचा। इस दौरान स्कूली बच्चों ने भारत माता की जय और शहीदों को नमन के नारे लगाए। रैली के बाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित बीडीओ विजय कुमार के अलावा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, श्याम किशोर सिंह, ज्योति कुमारी, नीरा देवी के साथ अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। अपने संबोधन में बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि 26 जुलाई 1999 को कारगिल में भारत के वीर सपूतों ने पाकिस्तानी फौज को खदेड़कर अपना तिरंगा फहराया था। भारत की इसी जीत के उपलक्ष्य में हम हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रुप में मनाते है। मनोज सिंह ने कहा कि देश के जवान जब सरहद पर जागता है। तब देशवासी चैन की नींद सोता है। कारगिल पाकिस्तान के नापाक इरादों की देन थी, हमने उन्हें दिल्ली लाहौर बस सेवा दिया। पर उन्होंने धोखा कर कारगिल को कब्जा करने की कोशिश की। देश के वीर जवान थल, जल और वायु सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए कारगिल छोड़ने पर मजबूर कर दिया। अंत में भारतीय सेना ने कारगिल पर विजय प्राप्त किया। इस दौरान प्राचार्य ज्योति कुमारी, नीरा देवी, श्याम किशोर सिंह ने भी मंच को संबोधित किया। अंत में कारगिल युद्ध में शामिल सूबेदार मेजर डीके सिंह और वीर नारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अनिल सिंह, देवराज पासवान, डीसी वर्मा, एसपी सिंह, सरोज राय, शिल्पी शलिनी, मीना देवी, उर्मिला देवी, प्रदीप सिंह, सुजाता देवी, अनीता देवी, कृष्णा कुमार, पृथ्वीराज सिंह, देवराज सिंह, बंटी सिंह, अपराजिता देवी, सूरजदीप सिंह, बिक्कू सिंह, मंजुला देवी आदि उपस्थित थे।

## सब्जी उत्पादन पर प्रशिक्षण आयोजित

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रांची एवं भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में 'सब्जी उत्पादन प्रणाली का सशक्तिकरण' विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन मांडर प्रखंड के गुड़गुड़जारी गांव में इसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजातीय समुदाय के किसानों को सब्जी उत्पादन में वैज्ञानिक तकनीकियों से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में 150 से अधिक सब्जी उत्पादक किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज किस्मों, कीट एवं रोग प्रबंधन, पोषण वाटिका की स्थापना, जैविक खेती, फसल विविधीकरण, मूल्यवर्धन एवं विपणन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि डॉ अवनी कुमार सिंह, प्रधान , फार्मिंग सिस्टम रिसर्च सेंटर फॉर हिल एंड प्लेटू रीजन, रांची ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि टिकाऊ कृषि प्रणाली में सब्जी उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका है, विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में जहां विविधता और संसाधनों की उपलब्धता सीमित होती है। वैज्ञानिक तकनीकियों से किसान न्यूनतम लागत में अधिक उत्पादन पा सकते हैं।

## नामांकन के लिए शिविर में रजिस्ट्रेशन शुरू

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कैम्ब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक बाहया अनगड़ा के सौजन्य से हेसल पंचायत भवन में 28 जुलाई को आयोजित सम्मान समारोह सह तकनीकी शिक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं शनिवार से नामांकन हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। बताते चले कि कैम्ब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक में इस सत्र निःशुल्क नामांकन लिया जा रहा है। इसको लेकर हेसल पंचायत भवन में मुखिया कविता देवी एवं समाजसेवी कृष्णा भगत की देख रेख में शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। मुखिया ने क्षेत्र के विद्यार्थियों को इसका अधिक से अधिक लाभ लेने को कहा है।

## दुग्ध और लाख उत्पादक किसानों में सर्टिफिकेट वितरित

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** राज्य की कृषि, सहकारिता एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की पहल पर लापुंग प्रखंड के किसानों को बेड़ों प्रखंड के कांग्रेस कार्यालय में जिला सहकारिता पदाधिकारी रांची की ओर से किसानों के बीच लाख और दुग्ध उत्पादन समूह को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। बेड़ों प्रखंड अध्यक्ष कर्मा उरांव एवं नवल किशोर सिंह द्वारा भारतीय किसान दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति लालगंज, अध्यक्ष लखन साहु, बोनिफाश कांगड़ी, निर्मल तिर्की, समीर टोपनो आदि के बीच सर्टिफिकेट वितरित किया गया।

# पॉलिसी बाजार के बीमा कंपनी पर 44 हजार का लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारत के लोकप्रिय और नामचीन बीमा कंपनी पॉलिसी बाजार के गो डिजिट इंश्योरेंस कंपनी को सेवा में त्रुटि पाए जाने के कारण गुमला जिला उपभोक्ता फोरम ने 44000 रूपए का आर्थिक दंड लगाया। मिली जानकारी के अनुसार गुमला के अधिवक्ता तापस कुमार लाल ने एक 7 सीटर कार खरीदी और पॉलिसी बाजार के वेबसाइट के माध्यम से गो डिजिट इंश्योरेंस कंपनी को सात सीटर कार के बीमा राशि का भुगतान 13561 रुपया ऑनलाइन कर दिया। लेकिन गो डिजिट इंश्योरेंस कंपनी ने 7 सीटर के स्थान पर 5 सीटर कार का इंश्योरेंस सर्टिफिकेट निर्गत कर दिया। बीमा कंपनी के इस कारनामे से उपभोक्ता तापस कुमार लाल आश्चर्य में पड़ गये। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत पॉलिसी बाजार के वेबसाइट के माध्यम से गो डिजिट बीमा कंपनी को की। तो बीमा कंपनी कहा कि इसे सुधार करने के लिए अतिरिक्त 4031 रूपए का भुगतान करने पर ही 7 सीटर का बीमा सर्टिफिकेटदिया जायेगा। बीमा कंपनी के इस आचरण से उपभोक्ता अधिवक्ता तापस कुमार लाल काफी तनाव में आ गये। लेकिन मजबूरी बस उन्होंने अतिरिक्त राशि 4031 रूपए का भुगतान ऑनलाइन कर दिया। तब बीमा कंपनी के द्वारा 7 सीटर कर का बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके बाद पॉलिसीबाजार उपभोक्ता कंपनी के इस व्यवहार से नाराज अधिवक्ता ने उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के समक्ष शिकायत की। जिसकी सुनवाई के बाद पॉलिसी बाजार के बीमा कंपनी गो डीजीट को सेवा में त्रुटि के लिए उत्तरदायी पाते हुए 44000 हजार रुपए शिकायतकर्ता को 30 दिनों के अंदर भुगतान करने का आदेश पारित किया है।

# सभी स्कूलों में एक महीना के अंदर 18 हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** बसिया के एकलव्य स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन, बतौर मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति, अनुसूची जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा रहे मौजूद। सर्वप्रथम स्कूल के छात्रों के द्वारा पारंपरिक नृत्य कर मंत्री चमरा लिंडा का किया गया स्वागत। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मंत्री चमरा लिंडा और विधायक झिग्गा मुंडा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि, वृक्ष है तो जिंदगी है वृक्ष है तो यह दुनिया है, उन्होंने आगे उपस्थित स्कूल के बच्चों को वृक्ष का महत्व बताते हुए कहां की हमारे पूर्वज पुरातन काल में सबसे अधिक तुलसी, पीपल और सखवा का पेड़ लगाते थे क्योंकि यह सब पेड़ 24 घंटे हमें ऑक्सीजन देते हैं, इसलिए हमें कोशिश करना चाहिए कि हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए क्योंकि वृक्ष ग्लोबल वार्मिंग को कंट्रोल करते हैं।

आगे उन्होंने बच्चों से कहा कि हमारे झारखंड सरकार एसटी एसी, और ओबीसी वर्ग के बच्चों के लिए जल्द ही रांची मे फ्री में कोचिंग की व्यवस्था करने वाली है जहां पर इन बच्चों को इजीनियरिंग एमबीए और डॉक्टर की कोचिंग दी जायेगी।

इस दौरान मंत्री चामरा लिंडा और विधायक झिगा मुंडा ने स्कूल के बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक झिग्गा मुंडा, कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी, गुमला डीसी, जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडूंग, बसिया एसडीओ और बसिया एसडीपीओ सहित एकलव्य स्कूल के सभी शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



## कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान गिरी सीलिंग लाइट

**जब मंत्री चमरा लिंडा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे तभी छत पर लगी सीलिंग लाइट मंत्री चमरा लिंडा के थोड़ी दूर में ही गिरी, हालाकि किसी को कोई जान माल की छति नहीं हुई। सीलिंग के गिरने से अतिथि बाल बाल बचे। लेकिन यह छोटी सी घटना निर्माण कार्य मे बरती गयी अनियमितता और भ्रष्टाचार की पोल खोलने के लिए काफी है।**

# भारी बारिश से रौनियार धर्मशाला के सामने गिरा विशाल पेड़, आवागमन बाधित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला के सामने एक विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। सड़क के किनारे से बाइक व छोटे-छोटे वाहनों को निकल गया लेकिन बड़े वाहन फंसे हुए हैं। घटना शनिवार की सुबह 6 बजे की है वर्षा के कारण विशालकाय पेड़ सड़क पर ही गिर गया। उस समय लोग सड़क पर नहीं थे वरना बड़ी घटना हो सकती थी। पेड़ के गिरने से केबल तार और बिजली को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना बिजली विभाग और नगर परिषद को दी है। इसके बाद सुबह 9 :00 बजे जेसीबी मशीन को बुलाया गया वहीं मजदूरों को लगाकर पेड़ को हटाने का कार्य चल रहा है। सड़क पर पेड़ गिरने से सिमडेगा की ओर आने जाने वाले बस और ट्रक सिसई रोड घाटों बगीचा होते हुए पालकोट रोड से निकलने लगे। सिसई रोड छठ तालाब से पालकोट रोड निकलने वाला सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण वहां भी जाम की स्थिति हो गयी।

# खौफ : सोसो कदम टोली गांव में पागल कुत्ते के काटने से चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे सोसो कदम टोली गांव में पागल कुत्ते ने चार लोगों को काट लिया है। कुत्ता लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर काट रहा है। जिसके कारण गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। शुक्रवार की शाम 7 बजे एक पागल कुत्ता गांव पहुंच गया और लोगों को दौड़ाने लगा। गांव के अघन प्रधान की 10 वर्षीय पुत्री कंचन कुमारी अपनी मां और गांव के अन्य महिलाओं के साथ धान रोप कर घर लौट रही थी तभी पीछे से पागल कुत्ता उसके पैर को काट लिया। मंगरा टोप्पो का 12 वर्षीय पुत्र प्रमोद टोप्पो साइकिल से किराना दुकान सामान लेने जा रहा था तभी कुत्ता दौड़ते हुए आया और उसके पैर को काटकर भाग गया। गांव की महिला 25 वर्षीय तिलेश्वरी देवी कुछ सामान खरीदने पैदल दुकान जा रही थी तभी पीछे से कुत्ता उसके पैर को काट लिया। इसके बाद कुत्ता गांव में घूमने लगा। उसको देखकर गांव के अन्य कुत्ते उस पर हमला कर दिए। वह गांव के कुत्तों को भी दौड़ा-दौड़ा कर काटने लगा। साथ ही क्रोधित भी हो गया। इसी बीच 29 वर्षीय संदीप उरांव अपने घर के पास टहल रहा था गुस्सैल कुत्ता अचानक उसके पैर को काट लिया। संदीप पत्थर उठाकर उसे मारने लगा तब कुत्ता वहां से भाग गया। शोर सुनकर ग्रामीण लाठी डंडा लेकर एकत्रित हुए इसके बाद कुत्ते को जान से मारने के लिए दौड़ाने लगे। इसी बीच बिजली गुल हो गई और कुत्ता अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। वहीं ग्रामीण लाइट लेकर कुत्ते को खोजने में जुटे हैं।

# भारी वर्षा से नुकसान और कच्चा मकान गिरने की घटनाओं पर सांसद सुखदेव भगत गंभीर

**सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा एवं अभिनव भगत ने किया स्थल निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारी वर्षा के कारण कई ग्रामीण इलाकों में कच्चे घरों के ढहने की घटनाओं को लेकर लोहारदगा के सांसद सुखदेव भगत ने संज्ञान लिया है। उन्होंने अपने प्रतिनिधि राजनील तिग्गा एवं अभिनव भगत को प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिया। राजनील तिग्गा एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने कामडरा प्रखंड पर पहुंचकर हाफू, रेड़वा, कामडरा पंचायत के प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने क्षेत्र के हालात का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कई परिवारों के घर पूर्णतः या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं और उन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान श्री तिग्गा ने संबंधित प्रखंड के अंचल अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क कर मामले की गंभीरता से अवगत कराया और यथाशीघ्र राहत कार्य शुरू करने का अनुरोध किया। अंचल अधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रशासन स्थिति की निगरानी कर रहा है और शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि पीड़ितों को तुरंत सहायता मिले और उनका पुनर्वास सुनिश्चित हो। श्री तिग्गा ने बताया कि सांसद द्वारा प्रशासन को भी निर्देशित किया गया है कि राहत कार्य में कोई देरी न हो। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा, महिला अध्यक्ष यशोदा देवी, यूवा अध्यक्ष विष्णु चिक बडाईक, अखिलेश्वर राम, मुन्ना टोपनो आदि मौजूद थे।

# थाना दिवस पर जमीन से जुड़े छह मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** शनिवार को थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी शेखर वर्मा प्रभारी थानेदार शैलेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। थाना दिवस के अवसर पर जमीन विवाद से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता के साथ सुनवाई की गयी। अंचलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के कारण अक्सर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे मामलों का समाधान अगर स्थानीय स्तर पर हो जाए तो न केवल न्याय मिल सकता है बल्कि विवाद बढ़ने से भी रोका जा सकता है। थाना दिवस के दौरान कुल जमीन से संबंधित 12 आवेदन आया जिसमें 6 मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। जबकि 6 मामलों का जांच के लिए निष्पादन लंबित रखा गया। मामलों के निपटारे के बाद सभी पक्षों ने संतोष और खुशी जाहिर की। अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी गैर मजूरवा जमीन को लेकर आपस में लड़ाई ना करें। उन्होंने कहा कि थाना दिवस या किसी भी मौके पर अपनी समस्या को लेकर आप आए तो नशा का सेवन बिलकुल न करें। ताकि आपकी समस्या को समाधान आसानी से किया जा सकें। उन्होंने कहा जमीन संबंधित अगर समस्या लेकर आप आ रहे हैं तो ध्यान रखें संबंधित डॉक्यूमेंट के साथ दोनों पक्षों का आना अनिवार्य है।

प्रभारी थानेदार शैलेश कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे भूमि विवादों को लेकर आए दिन आपसी झगड़े और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। थाना दिवस के आयोजन का उद्देश्य ऐसे मामलों का शांतिपूर्ण निपटारा कर लोगों को न्याय दिलाना और सामंजस्य बनाना है। मौके पर एएसआई प्रमोद कुमार, कामू पासवान एवं अन्य पुलिसकर्मी, राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार टोप्पो बड़ा बाबू बैगा उरांव सहित स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। थाना दिवस के आयोजन को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गयी।

# संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी में भीखमपुर के संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय में शनिवार को संत अन्ना स्थापना दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई और फिर रंगारंग प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य गीत,भाषण के जरिए अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस मौके पर अतिथि जिला परिषद सदस्य दिलप बड़ाइक थे। जिनका स्वागत छात्राओं ने फूल माला और पारंपरिक नृत्य से किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पारिस की माता सिस्टेफ इरमिना किंडो और सिस्टर ज्योति सोरेन ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिलीप बड़ाईक ने कहा कि संत अन्ना का जीवन सेवा और शिक्षा का प्रतीक है और विद्यालय इन मूल्यों को आगे बढ़ने का काम करता रहेगा। संत अन्ना स्थापना दिवस जैसे आयोजन हमें यह बताते हैं कि शिक्षा और संस्कार का मेल ही समाज को प्रगति के पथ पर ले जा सकता है। ऐसे ही प्रयास बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब समय है कि हम सब मिलकर शिक्षा को प्राथमिकता दे और बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर दें।

# बुजिटोली में बारिश से गिरा घर, वृद्ध की मौत

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड इलाके में पिछले कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के कारण बीती रात बुजिटोली गांव में एक घर गिर गया जिसमें गृहस्वामी बृद्ध रोपना खड़िया 58 के मलबा में दब कर मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक मृत रोपना खड़िया उक्त घर मे अकेले रहता था। बीती रात खाना खाने के बाद घर के ढाबा में सो गया आधी रात भारी बरसात के बीच घर का दीवार भरभरा कर गिर गया और उस मलबे में में दबने से रोपना की मौत हो गयी। शनिवार सुबह स्थानीय ग्रामीण ने गिरे घर के मलबे से रोपना खड़िया के शव को बाहर निकाला इसके बाद इसकी सूचना स्थानीय मुखिया कमला देवी और पालकोट थाना को दी गयी। मौके पर पहुंचे एएसआइ प्रमोद कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

# सिसई में मनाया गया अंचल दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर में शनिवार को उपायुक्त गुमला की अध्यक्षता में अंचल दिवस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से कई मामलों का निपटारा किया गया। जिसमें भूमि विवाद के 15 आवेदन प्राप्त किए गए 4 का निष्पादन किया गया एवं 11 आवेदन पर जांच का आदेश दिया गया। भूमि सत्यापन प्रतिवेदन के 23 आवेदन प्राप्त किए गए और 23 का निष्पादन भी कर दिया गया। भू धारण प्रमाण पत्र का 6 आवेदन प्राप्त निष्पादन हुआ 6, जाति प्रमाण पत्र का प्राप्त 4 निष्पादन 4, आवासीय प्रमाण पत्र का प्राप्त 4 निष्पादन 4, पारिवारिक सदस्यता का प्राप्त 13, निष्पादन 13, भूमि विवाद के 32 आवेदन प्राप्त में सभी का जांच के आदेश दिए गए। पंजी 2 सुधार में प्राप्त 52 में से 30 का निष्पादन 22 पर जांच का आदेश। दाखिल खारिज में 19 आवेदन प्राप्त 19 का निष्पादन, विविध आवेदन 120 में से 100 का निष्पादन 20 पर जांच का आदेश दिए गए। कुल आवेदनों की प्राप्ति 288 निष्पादन 203 , वहीं 85 आवेदनों पर जांच का आदेश दिए गए।

अंचल दिवस पर वितरण से संबंधित प्रतिवेदन में 19 दाखिल खारिज शुद्धि पत्र,13 पारिवारिक सूची,6 भू धारण प्रमाण पत्र,23 किसान क्रेडिट कार्ड और 6 सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण किया गया। साथ ही बाल विकास परियोजना कार्यालय में प्रखण्ड क्षेत्र के पांच गर्भवती महिलाएं शोभा मुडाईन , पति कमल लोहरा ग्राम कुदरा, निशु कुमारी पति जोसेफ एक्का ग्राम डाडहा, गुड़िया कुमारी पति सुदामा उरांव ग्राम बांस टोली, बिरसी कुमारी पति हरदेव उरांव ग्राम गुरुगांव, रुपनी उरांव पति प्रकाश उरांव ग्राम कुदरा को प्रखण्ड प्रमुख एवं बीडीओ के द्वारा गोद भराई का रस्म अदा किया गया। एवं अन्न प्रासन योजना अंतर्गत दो शिशु आकृति कुमारी माता आभा कुमारी और भाग्यश्री माता अनीता देवी का मुंह जूठी किया गया। तथा सहिजाना ग्राम के सुधा कुमारी व नगर दसई टोली की मरियम बाखला को सहायिका के पद पर चयन करते हुए नियुक्ति पत्र दिया गया।

# अटल क्लिनिक का नाम बदलने के विरोध में भाजयुमो ने सरकार का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर स्थापित अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लिनिक करने के फैसले के विरोध में शनिवार की शाम 5 बजे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गुमला द्वारा टावर चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने इस निर्णय को झारखंड की तुष्टिकरण की राजनीति का उदाहरण बताते हुए तीव्र विरोध जताया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार की उपस्थिति में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह निर्णय राष्ट्रनिर्माताओं का अपमान है और झारखंड के जनमानस की भावनाओं के विपरीत है।

भाजपा ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो आगे और भी बड़े आंदोलन किए जाएंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष बिनय कुमार लाल, निर्मल गोयल, भूपन साहू, राजेश सिंह, सबिन्द्र सिंह, भोला चौधरी, श्यामसुंदर साहू, विकास सिंह, संयुक्ता देवी, रामेश्वरी उरांव, शकुंतला उरांव, शैल मिश्रा, बालकेशवर सिंह, सत्यनारायण उरांव, विक्की साहू , कौशलेंद्र जमुवार, संतोष सिंह, जय साहू , दिनेश सिंह ,हरमीत सिंह, संजीव कुमार, संजय वर्मा सूरज सिंह, दीपांकर साहू, सूर्या साहू, नीतीश बड़ाईक सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर लगातार कई दिनों से चल रही थी सर्चिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



घटना के बाद दहशत में ग्रामीण।

**गुमला।** गुमला पुलिस को क्षेत्र मे जेजेएमपी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना लगातार मिल रही थी। पुलिस लगातार सर्चिंग चला रही थी। दो दिनों से लगातार चल रहे इस सर्चिंग अभियान नक्सलियों का मोबाइल फोन लोकेशन काफी अहम भूमिका निभा रहा था। नक्सली आगे आगे पुलिस पीछे पीछे। ठीक ऐसे मेएसपी हरिश बिन जमां को गुप्त सूचना मिली कि जेजेएमपी के उग्रवादी लावादाग गांव के असुर टोली में हैं। तुरंत पुलिस ने रणनीति तय की और लावादाग की ओर मुड़ गये। पुलिस के जवान कुरूमगढ़ इलाके से होते हुए सरगांव, सलामी आदि क्षेत्रों में सर्चिंग चलाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इन जंगल व पहाड़ पार कर पुलिस जवान लावादाग पहुंचे थे। पुलिस के अधिकारी व जवान शुक्रवार की शाम मे ही लावादाग के काफी निकट पहुंच चुके थे। शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे फिर सर्चिंग शुरू हुई। जंगली रास्ते से पैदल सर्चिंग करते हुए पुलिस अधिकारी व जवान सुबह नौ बजे के आसपास लावादाग के असुर टोली चोरलता पहुंचे ही थे कि नक्सलियों की ओर से फायरिंग शुरू हो गयी।

**केवल 50 मीटर के फासले से हो रही थी दोनों ओर से गोलीबारी :** पुलिस के जवान जैसे ही लावादाग पहुंचे और जंगलों से गांव में घुसने की प्लानिंग की। छिपे हुए नक्सली गांव की ओर से पुलिस जवान पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिस समय नक्सली घरों और पेड़ों की आड़ लेकर पुलिस पर गोली चल रहे थे उसे समय पुलिस और नक्सलियों के बीच की दूरी महज 50 से 60 मीटर की थी। पुलिस जवानों ने भी पेड़ की आड़ लेकर गोलीबारी शुरू कर दी। बताया गया कि एक मुनगा के पेड़ की आड़ लेकर एक काले टी-शर्ट पहने एक नक्सली पुलिस जवान पर गोली चला रहा था। उसे मुनगा के पेड़ पर पुलिस के जवानों ने लगातार फायरिंग की। गोलीबारी के दाग मुनगा के पेड़ पर साफ देखे जा सकते थे। लेकिन वहां तक पहुंचते पहुंचते गोली की रफ्तार कम हो जा रही थी इसके करण वह नक्सली वहां से भागने में सफल रहा।

**पहले माओवादी संगठन के लिए काम करता था दिलीप लोहरा :** सबजोनल कमांडर दिलीप लोहरा और दो अन्य हार्डकोर उग्रवादियों के मारे जाने से जेजेएमपी की कमर टूट गयी है। दिलीप लोहरा को रविंद्र गोप ने संगठन के लिए घाघरा इलाके की जिम्मेवारी दी थी। दिलीप पहले माओवादी संगठन के लिए काम करता था।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा
06534-2227076, Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07 वर्ष 2025–26

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 13.08.2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.08.2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.08.2025 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड़, राँची।<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड़, राँची<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | Repair & Extension of Additional Room in Office for the Year 2025 -26 | 20.00 | 40000.00 | 5000.00 | 4 माह। |

नोट :
1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
3. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड का निबन्धन प्रमाण पत्र एवं GST से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
4. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
5. निविदा प्राप्ति की तिथि को 03.00 बजे अपराह्न तक पथ प्रमण्डल, कोडरमा कार्यालय परिसर के अन्दर संवेदकों द्वारा समूह में अथवा गुट बनाकर वार्त्तालाप करने, शोर–गुल करने या अनावश्यक समय व्यतीत कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने पर इस निविदा को रद्द किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल,कोडरमा

PR 358307 Road(25-26).D

## बोकारो में आजसू के मिलन समारोह में सैकड़ों लोगों ने थामा पार्टी का दामन

# झारखंड की गठबंधन सरकार ने हर मोर्चे पर जनता से किया विश्वासघात: सुदेश महतो

- झारखंड नवनिर्माण का संकल्प लें राज्य के युवा : संजय मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

### नियोजन, नियुक्ति, ओबीसी आरक्षण, पेसा कानून जैसे मुद्दे ठंडे बस्ते में : सीपी चौधरी


आजसू के मिलन समारोह में शामिल केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पूर्व प्रत्यासी संजय मेहता, डॉ लंबोदर महतो एवं अन्य।

**बोकारो।** आजसू अपने पुराने तेवर में लौट रही है। बलिदान दिवस के बाद आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में शनिवार को नई ऊर्जा के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करने का संदेश दिया गया। समारोह का आयोजन बोकारो टाउन हॉल में हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल रहे। इस दौरान करीब एक हजार लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर गिरीड़ीह से आजसू सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, हजारीबाग के सांसद प्रत्याशी संजय मेहता, मांडू विधायक तिवारी महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो आदि ने नये सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलायी। अपने संबोधन में सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने हर मोर्चे पर राज्य के लोगों की उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया है। झारखंड की राजनीतिक चेतना को सशक्त करना बेहद जरूरी है। संगठनात्मक विस्तार को गति देने के उद्देश्य से आजसू की ओर से बोकारो में आयोजित मिलन समारोह संदेश है कि झारखंड की असली आवाज आजसू ही है। कहा कि लोग खुद पार्टी से जुड़ने की इच्छा जता रहे हैं। कहा कि पार्टी से जुड़ने वाले सभी युवा साथी झारखंड के भविष्य निर्माण में सहभागी बनेंगे। वहीं, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं को दरकिनार कर केवल दिखावटी घोषणाओं में व्यस्त है। अफसरशाही बेलगाम हो चुकी है। नियोजन, नियुक्ति, ओबीसी आरक्षण, पेसा कानून जैसे मुद्दे ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। वहीं, संजय मेहता ने कहा कि झारखंड के नवनिर्माण के लिए वर्तमान पीढ़ी को जनमुद्दों पर संगठित होकर संघर्ष करना होगा। वहीं, आजसू में शामिल नये सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि पार्टी झारखंड की समस्याओं के समाधान का पहला विकल्प है। नई और युवा राजनीति को धार दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन महतो और संचालन टिकैत महतो ने किया। इस मौके पर नवीन महतो, संतोष महतो, हीरालाल महतो, बबलू महतो, मंटू महतो, काशीनाथ सिंह, अजय सिंह, प्रियंका कुमारी, करण महतो, विशाल महतो और अशोक महतो आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है : मंत्री योगेंद्र प्रसाद



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** राज्य के पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शनिवार को कसमार प्रखंड सभागार में उन्नति का पहिया निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया। लगे हाथ मंजूरा में निर्मित आजीविक महिला संगठन प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र ने कहा कि उन्नति का पहिया योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी। यह योजना न केवल बच्चों की पढ़ाई को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएमटीसी भवन ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने का केंद्र बनेगा। इससे महिलाओं को न केवल कौशल विकास का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह पहल मील का पत्थर साबित होगा। इस प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं को आजीविका संवर्धन, कौशल विकास और वित्त प्रबंधन समेत तमाम सामाजिक मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी, सीओ प्रवीण कुमार, बीडीओ नम्रता जोशी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, डीपीएम अनील डुंगडुंग, डीएफएम रामकृष्ण पाठक, बीएपी यशोदा देवी, बिशेश्वर महतो, रमेश कुमार, कविता कुमारी, कुंती देवी, चांदनी कुमारी, पंसस प्रिया देवी, विश्वजीत कुमार, सुभाष चंद्र ठाकुर, धनंजय कुमार स्वर्णकार, संजय कुमार प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## आम्रपाली अस्पताल में मिली गड़बड़ियां, कार्रवाई की तैयारी

पीसी-पीएनडीटी और आयुष्मान योजना की हो रही जांच

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग की विशेष जांच टीम शनिवार को अशर्फी अस्पताल पहुंची। यह कार्रवाई पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के उल्लंघन और आयुष्मान भारत योजना में संभावित गड़बड़ी की सूचना के आधार पर की गई। जांच दल डीसी के निर्देश पर गठित किया गया था, जिसकी अगुवाई सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा कर रहे हैं। टीम में मजिस्ट्रेट डॉ विकास राणा, डॉ रोहित गौतम सहित कुल पांच सदस्य शामिल हैं। टीम ने अस्पताल परिसर में पहुंचते ही दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी और अल्ट्रासाउंड मशीनों, रजिस्ट्रेशन, मरीजों की एंट्री और आयुष्मान योजना से संबंधित रिकॉर्ड को खंगाला। इस दौरान भारतीय चिकित्सा संघ के जिला अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। जांच दल को संदेह है कि अस्पताल में लिंग जांच जैसी अवैध गतिविधियां हो रही हैं, जो पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का सीधा उल्लंघन है। साथ ही आयुष्मान योजना के अंतर्गत अनियमित बिलिंग और फर्जी लाभार्थी के मामलों की भी जांच की जा रही है। सूत्रों की मानें तो जिला प्रशासन को लगातार कुछ निजी अस्पतालों में नियमों की अनदेखी की शिकायतें मिल रही थीं। वहीं, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है। गड़बड़ी की पुष्टि होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के नेतृत्व में पीसी एंड पीएनडीटी टीम ने अम्रपाली सिटी अस्पताल की भी जांच की। बताया कि यह रूटीन जांच थी। इस दौरान दोनों अस्पतालों में खामियां पायी गयी हैं। आम्रपाली सिटी अस्पताल के निरीक्षण में तो भारी अनियमितता मिली। उक्त अस्पताल का रजिस्ट्रेशन फेल था। जबकि वहां बिना किसी डॉक्टर के एक मरीज का इलाज चल रहा था। उन्होंने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल चलाने पर भारी जुर्माने का प्रावधान है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

पत्रांक ........../लोहरदगा दिनांक ................................

सूचना

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या RDD/SD/LOHARDAGA/E-03/2025-26 जिसका पी० आर० सं० 356831 Lohardaga (25-26)_D के ग्रुप संख्या 01 एवं 02 में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना संख्या 593/वि० दिनांक 06.03.2007 के आलोक में रदद् की जाती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 358278 (Lohardaga)25-26*D

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कारगिल विजय दिवस पर शहर में शनिवार को शहीदों की वीर गाथा को याद करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की गयी। नगर के सिटी पार्क स्थित शाहिद उद्यान- जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो की जिला इकाई के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी थी। जिसमें नगर सेवा विभाग बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार एवं डीएवी सेक्टर चार के प्राचार्य, सह डीएवी जोन के क्षेत्रीय सहायक अधिकारी (एआरओ) एसके मिश्रा और बीएसएल सिक्योरिटी के कर्नल आरएस शेखावत के नेतृत्व में शहीदों को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बलिदानी सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पूर्व सैनिकों एवं जनसमूह को देश और वीर जवानों के गौरव को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। वहीं, डीएवी प्राचार्य ने कहा कि इन वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान के कारण ही राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हैं। देश कभी भी शहीदों की शहादत को भूल नहीं सकता है। पूर्व सैनिक राकेश मिश्रा सहित अन्य पूर्व सैनिकों ने साल 1999 के कारगिल युद्ध के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के भाई बलराम महतो, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर के पदाधिकारीगण, विहिप, पूर्व सैनिक दिनेश्वर सिंह, चंदन सिंह, नीरज तिवारी, राजीव रंजन सिन्हा, देव प्रकाश सिंह, निकेश गिरी, सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, नीरज कुमार, विवेक सिंह, कुमार अमित, कौशल किशोर, गौरव कुमार, राजेश ओझा, प्रदीप झा, लक्ष्मी कान्त राय, आदि उपस्थित रहे।

## अभियान चला कर डीटीओ ने आठ वाहनों से वसूला 1.12 लाख जुर्माना

- पेटरवार प्रखंड के राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर 29 वाहनों की हुई जांच

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वंदना सेजवलकर के नेतृत में शनिवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल आठ वाहनों से एक लाख 12 हजार रुपए का जूर्माना वसूला गया। वाहन जांच, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विगत दिनों अजय नाथ झा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में किया गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 29 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर आठ वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा पेटरवार प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर भी दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का सख्त निर्देश दिया गया।

### चास में ट्रैफिक पुलिस ने बांटा हेलमेट

**बोकारो (आजाद सिपाही)। सड़क सुरक्षा को लेकर चास के प्रमुख चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व ट्रैफिक डीएसपी विद्याशंकर ने किया। इस दौरान बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए मौके पर ही हेलमेट बांटा गया। साथ ही, सुरक्षित यातायात के प्रति प्रेरित किया गया।**

## बीएसएल में 'साइंस एंड प्रैक्टिस ऑफ हैप्पीनेस' विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रांची के सहयोग से 'साइंस एंड प्रैक्टिस ऑफ हैप्पीनेस' विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी के साथ ही भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रांची की वरीय फैकल्टी तनुश्री दत्ता भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा के स्वागत भाषण से हुई। जिन्होंने अतिथियों के साथ सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और नेतृत्व विकास में भावनात्मक कल्याण के महत्व पर जोर दिया। नीता बा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में त्वरित निर्णय, भावनात्मक लचीलापन और प्रामाणिकता जैसी चुनौतियों में अपने व्यवसायिक जीवन को खुशहाल और स्वस्थ रखने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बीएसएल के कुल 26 वरीय अधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे। वहीं, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची की वरीय फैकल्टी तनुश्री दत्ता के साथ प्रोफेसर गौरव मनोहर मराठे एवं प्रोफेसर राजशेखर डेविड उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाया। इसके बाद अपने संबोधन में आज के कठिन और चुनौतीपूर्ण इस्पात व्यवसाय के व्यावसायिक परिदृश्य में ऐसे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आइआइएम रांची की फैकल्टी की ओर से इस विषय पर वैज्ञानिक तरीकों से तैयार की गई व्यावहारिक बिंदुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के सहायक महाप्रबंधक अमित आनंद ने किया। जिसमें ऋषिकेश रंजन और सिद्धो चरण मुर्मू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## चिरकुंडा से कांवरियों का जत्था रवाना, बाबा वैद्यनाथ और बासुकीनाथ में करेंगे जलार्पण



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्रावण माह में कांवरिया संघ लगातार 18वें वर्ष जलार्पण के लिए रवाना हुआ। 121 कांवरियों का जत्था व्यवसायी सह शिव भक्त अजय सिंह एवं मनोज सिंह के नेतृत्व में चिरकुंडा तीन नंबर चढ़ाई से शनिवार को रवाना हुआ। सुल्तानगंज से कांवर में जलभर कर पैदल पद यात्रा करते हुए देवघर में मनोकामना ज्योतिलिंग बाबा वैद्यनाथ और बासुकीनाथ में जलार्पण करेंगे। इस बार कर्नाटक, सोनीपत, दिल्ली, धनबाद, मैथन एवं कुमारधुबी से भी शिव भक्त कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। इसमें रीता सिंह, प्रतिभा सिंह, रूपा सिंह, अनिता सिंह, रेखा सिंह, स्वेता, पूनम सिंह, शांति झा, माधुरी, स्वेता, रूबी, लक्ष्मी, कंचन, संध्या, प्रज्ञा, मेघा, माही, निशा, गुंजन, नीलम पाठक, चमेली, उमा, अजय सिंह, मनोज सिंह, पिंटू साव, गुनगुन, अशोक सिंह, सुदेश सिंह, सुनील भगत, वशिष्ठ यादव, शम्भूनाथ झा, बिक्की प्रसाद,सुनीता देवी, अखलेश सिंह, संजय सिंह, पिन्टू, रोहित, आरके डिटेंशन, संतोष साव, धन्नंजय, इंद्रदेव प्रसाद आदि शामिल हैं।

## आइआइटी-आइएसएम धनबाद में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। एक अगस्त को राष्ट्रपति आईआईटी आईएसएम धनबाद के 45वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। आईआईटी-आईएसएम प्रबंधन राष्ट्रपति के दीक्षांत समारोह में शामिल होने को लेकर तैयारी में जुटा हुआ है। सुरक्षा व्यवस्थाओं का शनिवार को जायला लेने के बाद डीसी ने कहा कि राष्ट्रपति के आईआईटी आईएसएम में एक अगस्त को कार्यक्रम के तहत वायु मार्ग से बरवाअड्डा हवाई पट्टी निर्धारित है। इसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से ड्रोन, एवं अन्य संबंधित गतिविधियों को निषेध करते हुए बरवाअड्डा हवाई पट्टी के आस-पास के क्षेत्र को 'नो फ्लाई जोन' घोषित किया गया है।

## जनसमस्याओं को लेकर पुटकी के क्षेत्रीय जीएम से मुलाकात

# जनता की सेवा ही हमारा संकल्प : राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने शनिवार को पीबी क्षेत्र अंतर्गत पुटकी में क्षेत्रीय महाप्रबंधक धर्मेंद्र कुमार मित्तल से मुलाकात की। इस मौके पर क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न मूलभूत समस्याओं जैसे जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता, धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और स्थानीय निवासियों के नियोजन से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान बताया गया कि दिवंगत कर्मचारी गंगिया देवी की आश्रिता पुत्रवधू सोनी देवी के नियोजन से संबंधित संचिका को कोयलानगर मुख्यालय शीघ्र भेजा जाए। लगे हाथ सेवानिवृत्त कर्मचारी रामकृपाल कुर्मी की ग्रेच्युटी राशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने की बात कही गयी। बैठक में उपमहाप्रबंधक आरके शर्मा के अलावा अमित बेग द्वारा सकारात्मक रुख अपनाते हुए सभी बिंदुओं पर यथासंभव त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। वहीं, विधायक राज सिन्हा ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर कोई भी कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। धनबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। जनता की सेवा ही हमारा संकल्प है। इस मौके पर हीरालाल पासी, महेंद्र प्रसाद, राहुल बनर्जी, मनोज पासवान, राजेश गुप्ता, परमेश्वर महतो, रंजय सिंह, सदानंद बर्नवाल, शिवनंदन पासवान एवं उदय कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा
E-Mail ID – chatrasco@gmail.com

**आम सूचना**

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं० 35 दिनांक 23.07.2025 के आलोक में कोडरमा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को राज्य योजना अन्तर्गत अनुदानित दर पर पम्पसेट, मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्र वितरण की योजना का आवेदन आमंत्रण सूचना।**

कोडरमा जिले के ईच्छुक छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस/पैक्स, मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य श्रोत से लाभान्वित कृषको को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5–3.0 hp तथा 3.5–5.0 hp) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) तथा 1.0 hp सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क० सं० | पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | विभाग द्वारा देय अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट 1.5–3.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 45 | 90 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 20000/– (बीस हजार) रूपया |
| 2 | पम्पसेट 3.5–5.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 07 | 90 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 30000/– (तीस हजार) रूपया |
| 3 | 1.0 H.P सोलर पम्पसेट (Troly Mounted movable Type) | OSP- 04 | 90 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 90000/–(नब्बे हजार) रूपया |

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग/भूमि संरक्षण उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित एवं अन्य ईच्छुक कृषक प्रखण्ड कार्यालय के माध्यम से विहित प्रपत्र कार्यालय को उपलब्ध करा सकते है।

**मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर एवं अन्य कृषि यंत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर, रीपर, एवं सहायक कृषि यंत्र का वितरण | OSP-02 | 80 प्रतिषत या अधिकतम 5 लाख रूपया |
| 2 | व्यक्तिगत अनुदान पर पावर टीलर/रीपर एवं सहायक कृषि यंत्र का वितरण | OSP-04 | 80 प्रतिषत या अधिकतम 1.60 लाख रूपया |

नोटः–
1. झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वंय सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
2. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह के गठन में 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
3. मिनी ट्रैक्टर, वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके पास सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
5. माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. जिन कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के द्वारा जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।
7. आवेदन विहित प्रपत्र में संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कोडरमा/जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा/जिला सहकारिता पदाधिकारी, कोडरमा/जिला उद्यान पदाधिकारी, कोडरमा/जिला कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा।
8. ईच्छुक लाभुकों एवं समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में 15 दिनों के अन्दर कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। विहित प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

**विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा, जिला सयुक्तं कृषि भवन, समाहरणालय परिसर, कोडरमा।**

PR 358287 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26)#D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
कोडरमा

**आर्मी चीफ बोले : ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को सीधा संदेश**

# आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जायेगा

- कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/द्रास।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान को सीधा संदेश था कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जायेगा। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भी था, जो पूरे देश को गहरा घाव दे गया था। इस बार भारत ने हादसे पर शोक तो व्यक्त किया ही, साथ ही करारा जवाब भी दिया। जनरल द्विवेदी ने ये बातें लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा- दुश्मन को जवाब देना अब न्यू नॉर्मल है।

कारगिल विजय दिवस के 26 साल पूरे होने पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। कारगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की चिरस्थायी याद दिलाता है। भारत उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा। उनके साथ तीनों सेना प्रमुख भी मौजूद रहे। राजनाथ ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

बता दें कि 5 मई 1999 को पाकिस्तान की घुसपैठ के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल की पहाड़ी चोटियों पर जंग हुई थी। युद्ध करीब 84 दिनों तक चला। 26 जुलाई 1999 को भारत की जीत के साथ युद्ध आधिकारिक तौर पर खत्म हुआ। इसमें भारतीय सैनिकों के बलिदान और वीरता को याद करते हुए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के लिए प्राण न्योछावर करनेवाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दीं। उन्होंने कहा, 'यह दिवस हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। देश के प्रति उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। जय हिन्द! जय भारत!'

## पीएम मोदी ने बलिदान को किया याद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी और कारगिल युद्ध में साहस और वीरता के साथ लड़ने वाले जवानों के बलिदान को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि जवानों द्वारा दिया गया बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

# मिराई फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर में विश्व आइवीएफ दिवस का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मिराई फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर में शुक्रवार को विश्व आइवीएफ दिवस को सफलतापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सेंटर के विशेषज्ञों और पुराने रोगियों ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किये।

सेंटर के प्रबंधक ने बताया कि आइवीएफ दिवस का आयोजन करके उन्होंने अपने रोगियों और उनके परिवारों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत बनाने का अवसर प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मिराई फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर गर्भावस्था संबंधी सेवाओं के लिए अपनी श्रेष्ठता के लिए जाना जाता है। दो सालों में सेंटर ने रांची और झारखंड के बहुत सारे लोगों को माता-पिता बनने का सुख प्रदान किया है।

सेंटर के विशेषज्ञों ने बताया कि उन्होंने कई ऐसे रोगियों का इलाज किया है, जो काफी निराश होने के बाद सेंटर आये थे। एक विशेष मामले में एक 40 वर्षीय महिला का इलाज किया गया, जिनका एएमएच कम था और उनके अंडाणुओं की गुणवत्ता और संख्या भी बहुत कम थी। सभी जगहों पर उन्हें डोनर लेने की सलाह दी गयी थी, लेकिन मिराई आइवीएफ सेंटर ने उन्हें अपने अंडाणुओं के साथ ही खुशी प्रदान की और उन्हें माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मिराई आइवीएफ और फर्टिलिटी सेंटर किसी भी प्रजनन समस्याओं के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों द्वारा सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। विशेषज्ञों की टीम ने रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान की हैं।

## पाकिस्तान में टिकटॉक क्रिएटर की हत्या

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के घोटकी जिले में टिकटॉक क्रिएटर सुमीरा राजपूत की शनिवार को उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी 15 साल की बेटी ने दावा किया कि कुछ लोग सुमीरा पर जबरन शादी का दबाव बना रहे थे। जब सुमीरा ने इससे इनकार किया तो उन्हें जहरीली गोलियां देकर हत्या कर दी गयी। सुमीरा राजपूत एक जानी-मानी डिजिटल कंटेंट क्रिएटर थीं, जिनके टिकटॉक पर 58,000 फॉलोअर्स और 10 लाख से ज्यादा लाइक्स थे। उनकी बेटी भी टिकटॉक पर एक्टिव है और उसके भी 58,000 फॉलोअर्स हैं। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# मालदीव से मजबूत रिश्तों के लिए उत्सुक है भारत : मोदी

**एजेंसी**

**माले।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माले में मालदीव और भारत के रिश्तों को और भी ज्यादा मजबूत करने पर जोर दिया। मालदीव के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ सहित देश के प्रमुख नेताओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि भारत, मालदीव के साथ अपनी साझेदारी को और भी ज्यादा गहरा करने के लिए उत्सुक है। राष्ट्रपति मुइज्जू से चर्चा के बाद पीएम मोदी ने मालदीव की क्षमता निर्माण में भी बड़े स्तर पर मदद करने की घोषणा की थी। इसके




तहत मालदीव को 4,850 करोड़ की ऋण सुविधा देने की बात कही।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, हमारे देश बुनियादी ढांचे, टेक्नोलॉजी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। यह दोनों देशों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आगामी वर्षों में इस साझेदारी को और भी ज्यादा गहरा करने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पीपुल्स मजलिस (मालदीव की संसद) के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद पीएम ने कहा, हम दोनों ने हमारी संसदों के बीच घनिष्ठ संबंधों समेत भारत-मालदीव की गहरी मित्रता पर चर्चा की। इसके साथ ही पीएम मोदी ने भारत-मालदीव संसदीय मैत्री समूह के गठन का भी स्वागत किया।

## कारगिल विजय दिवस वीर जवानों की विजयगाथा का दिन है : लक्ष्मण सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि कारगिल विजय दिवस देश के वीर जवानों की विजयगाथा का अविस्मरणीय दिन है। मैं उन वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। भारत उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा। उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की चिरस्थायी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 में हमारे जवानों ने 'ऑपरेशन विजय' से दुश्मनों को घुटनों पर ला कर अदम्य साहस और पराक्रम की अमिट मिसाल पेश की। भारतीय सशस्त्र बलों ने उन ऊंची चौकियों पर सफलतापूर्वक कब्जा कर लिया, जिन पर सर्दियों के महीनों में पाकिस्तानी सैनिकों ने विश्वासघातपूर्वक कब्जा कर लिया था। बता दें कि कारगिल युद्ध 60 दिनों से अधिक समय तक चला और 26 जुलाई, 1999 को भारत की वीरतापूर्ण विजय के साथ समाप्त हुआ।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई निविदा सूचना**

धनबाद, दिनांक : 25.07.2025

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

ई–निविदा सं.: **C-772-TKS-2-GCT-25**

क्र. सं. : 1., कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : टोकीसूद–2–(TKS) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। क्र. सं. : 2., टोकीसूद स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत : रू 44,41,56,224/–, क्र. सं. : 3., ब्याने की राशिः रू 4,44,15,700/–, क्र. सं. : 4., निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय: ई–निविदा बंद होने की तारीख 18.08.2025 को 15:00 बजे।, ई–निविदा खुलने की तारीख 18.08.2025 को 15:30 बजे से।, क्र. सं. : 5., वेबसाईट, का विवरण : http://www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/0676/डीएचएन/वा./टी/25–26/36

## नवी मुंबई में गूगल मैप ने फिर गलत रास्ता बताया, ऑडी कार खाड़ी में गिरी

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** नवी मुंबई के बेलापुर में गूगल मैप के गलत रास्ता बताने के कारण एक ऑडी कार खाड़ी में गिर गयी। घटना शुक्रवार-शनिवार रात करीब 1 बजे हुई। कार चला रही महिला उल्वे की ओर जा रही थी। बेलापुर में गूगल मैप ने महिला को पुल के नीचे का रास्ता बताया। महिला ने मैप देखते हुए पुल के ऊपर जाने की बजाय नीचे का रास्ता पकड़ लिया। नतीजतन, उसकी कार सीधे ध्रुवतारा जेट्टी से खाड़ी में गिर गयी। समुद्री सुरक्षा पुलिस ने कार को खाड़ी में गिरते हुए देख लिया। वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि महिला पानी में बह रही थी। इसके बाद रेस्क्यू बोट और गश्ती टीम की मदद से महिला को बचाया गया।

## आइआरसीटीसी ने बंद की 2.5 करोड़ यूजर आइडी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** आइआरसीटीसी ने 2.5 करोड़ से ज्यादा यूजर आइडी को डीएक्टिवेट कर दिया है। रेलवे को डेटा के विश्लेषण में कुछ यूजर्स के बुकिंग पैटर्न पर शक हुआ था। इसी संदेह के आधार पर इन यूजर्स की आइडी को बंद किया गया है। जांच में पता चला कि इन यूजर आईडी से बुकिंग करने में कुछ गड़बड़ है। सरकार ने संसद में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**